दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 03 अगस्त-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 225 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3










# बिहार में वोटर लिस्ट के नवीनीकरण की प्रक्रिया तेज, जारी किए जाएंगे नए वोटर कार्ड

**पटना।** बिहार में वोटर लिस्ट के नवीनीकरण की प्रक्रिया तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 अगस्त 2025 को प्रदेश के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के 90,712 मतदान केंद्रों की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। साथ ही अब सभी पात्र मतदाताओं को 1 सितंबर 2025 तक अपने नए फोटो बूथ लेवल ऑफिसर को सौंपनी होंगे, ताकि उन्हें नया वोटर आईडी कार्ड जारी किया जा सके।



दरअसल, 24 जून से 25 जुलाई तक चले गणना चरण के बाद 1 अगस्त को राज्य के सभी 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को सौंप दी है। उन मतदाताओं की अलग से सूची भी जारी की गई है, जिनके नाम 24 जून की सूची में थे लेकिन 1 अगस्त की सूची से गायब हैं।

**1.60 लाख बूथ लेवल एजेंट मैदान में :** राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.60 लाख बूथ लेवल एजेंट भी इस संपूर्ण प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। ये एजेंट अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची की निगरानी कर रहे हैं और मतदाताओं को जागरूक भी कर रहे हैं।

**विशेष कैंप की व्यवस्था :** राज्य के सभी ब्लॉक सह अंचल कार्यालयों और नगर निकाय कार्यालयों में रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष कैंप लगाए गए हैं। ये कैंप 1 सितंबर तक जारी रहेंगे, जिनमें कोई भी नागरिक जाकर सुधार या नया नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी कर सकता है।

**युवा मतदाताओं के लिए अभियान :** 1 जुलाई से 1 अक्टूबर 2025 के बीच 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। अभी तक 3,223 युवाओं ने अपना फॉर्म और घोषणा पत्र भरकर जमा किया है।

**कोई दावा या आपत्ति नहीं :** 1 अगस्त दोपहर 3 बजे से लेकर 2 अगस्त दोपहर 3 बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई दावा या आपत्ति दाखिल नहीं की गई है।

# तेजस्वी यादव का दावा- वोटर लिस्ट से नाम कटा चुनाव आयोग ने आरोपों को सिरे से नकारा

**पटना।** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने एसआईटार के मामले पर फिर आक्रामक रुख दिखाया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में धांधली की गई है। शनिवार को एक पोलो रोड स्थित अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तेजस्वी यादव ने यह बातें कहीं। उन्होंने ये भी दावा किया कि वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी के इस आरोप का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। उसने वोटर लिस्ट दिखाकर बताया कि तेजस्वी का नाम सूची में मौजूद है।






जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एमएस ने भी कहा कि कुछ समाचार माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है। इस बारे में जिला प्रशासन, पटना द्वारा जांच की गई। इसमें यह स्पष्ट हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। वर्तमान में उनका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, क्रम संख्या 416 पर अंकित है। पूर्व में उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केन्द्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था।

इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा कि हम शुरू से ही इस पूरे मामले पर अपनी आवाज को उठाते रहे। हमारे सुझाव को नहीं माना गया। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव की भी अनदेखी चुनाव आयोग की तरफ से की गई। शुरू से ही हमारा कहना था कि जो नई वोटर लिस्ट आएगी तो कई गरीब लोगों के नाम नहीं रहेंगे, लेकिन चुनाव आयोग का कहना था कि किसी का नाम नहीं कटेगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरा नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। उनका नाम काट दिया गया है। उन्होंने सवाल पूछा है कि अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा? तेजस्वी ने दावा किया है कि उन्होंने एसआईआर के दौरान गणना प्रपत्र भी भरा था, इसके बावजूद भी नाम काटा गया है।

तेजस्वी नेता ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सूची सभी राजनीतिक दलों को दी जा रही है, लेकिन चोर की दाढ़ी में तिनका है। वह हम लोग बताएंगे। चुनाव आयोग के द्वारा कहा गया था कि मतदाता सूची से हटाए गए हर नाम की जानकारी और कारण बताया जाएगा। कल हमारा महागठबंधन के डेलिगेशन चुनाव आयोग गया था। हमने अपनी बातों को रखा है, लेकिन चुनाव आयोग ने एक बार भी हमारी बातों पर गौर नहीं किया। जो दो गुजराती बताएंगे, वही बिहार का वोटर होगा। जब वो कहेंगे बिहार की वोटर लिस्ट में उसी का नाम जाएगा। इसी प्रकार की गड़बड़ी चुनाव आयोग यहां करने के मूड में है। चुनाव आयोग ने नाम काटने की जानकारी तो दी है, लेकिन यह नहीं बताया कि नाम को किन कारण से काटा गया है। उन्होंने कई विधानसभा क्षेत्रों का हवाला भी दिया।

# सुधरने वाली है कमिश्नरेट की ट्रैफिक समस्याएं आज आ रहे हैं यूपी एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण

गौरव शशि नारायण

**- पुलिस कमिश्नरेट में छह से किए जाएंगे नौ ट्रैफिक जोन**
**- सुधारा जाएगा इंफ्रास्ट्रक्चर और बनेगा विस्तृत प्लान**

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड जहां गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए बीते दिनों तीनों जोन में एक-एक एसीपी को अतिरिक्त तैनाती देने का काम कर चुके हैं। तो वहीं अब सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक के लिहाज से पहले छह ट्रैफिक इंस्पेक्टर हुआ करते थे, अब इनकी संख्या बढ़ते हुए इनको नौ किया जा रहा है। साथ ही उनके जोन में इजाफा करते हुए निकट भविष्य में यह संख्या 12 की जानी हैं। बता दें कि रविवार को उत्तर प्रदेश ट्रैफिक पुलिस के एडीजी के सत्यनारायण गाजियाबाद निरीक्षण के लिए आ रहे हैं। वह यहां यातायात व्यवस्था को सुधारने से लेकर रोड एवं सेफ्टी रूल्स अपनाने के दिशा निर्देश देंगे। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत बनाने और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी अवर्स को लेकर महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारी और ट्रैफिक से जुड़े अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके साथ ही सोमवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधार को लेकर बड़ा परिवर्तन की जानकारी भी पत्रकारों को देने का काम करेंगे।



## एक एसीपी पर आएंगे ट्रैफिक के तीन जोन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट में ट्रैफिक विभाग को सशक्त बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सिटी जोन, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में एक अतिरिक्त एसीपी को ट्रैफिक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसका मकसद जाम और यातायात व्यवस्था में सुधार लाना है। बताया जा रहा है कि अब एक एसीपी के ऊपर तीन जोन का दायित्व रहेगा ताकि वह ज्यादा बेहतर परिणाम प्रदान कर सकें।



## एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण का गाजियाबाद दौरा आज

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के ट्रैफिक एडीजी के सत्यनारायण गाजियाबाद के निरीक्षण पर रहेंगे। वह यहां की यातायात व्यवस्था, कमियों और खामियों को दूर करने को लेकर अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। तो वह कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण करेंगे ताकि जाम और अतिक्रमण जैसी समस्या का समाधान कराया जा सके।



## प्रमुख जाम प्वाइंट्स और डार्क जोन में 24 घंटे होगी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया है कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर एक दर्जन से अधिक ऐसे ट्रैफिक जाम के प्वाइंट्स और डार्क जोन होंगे, जहां अधिक दुर्घटना होती हैं। इन स्थानों पर 24 घंटे ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रहेगी। पहले गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के ड्यूटी ऑवर्स रात 10 बजे तक ही निर्धारित था। बताया जा रहा है कि यातायात व्यवस्था में सुधार लाने और सड़क हादसों में कमी लाने के लिए प्रमुख स्थानों पर 24 घंटे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी का प्लान बनाया जा रहा है।

## सुधरेगा ट्रैफिक पुलिस का इंफ्रास्ट्रक्चर, होगा आधुनिकरण

करंट क्राइम : यूपी पुलिस इन दिनों पुलिस के नए वाहनों और ट्रैफिक के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए ध्यान दे रही है। इसके तहत जानकारी मिली है कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ट्रैफिक पुलिस के एडीसीपी, एसीपी, इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों के लिए नए वाहन मुहैया कराए जाएंगे। तो बड़ी संख्या में रिजर्व और रिकवरी किए जाने वाले वाहनों को पार्किंग स्थल में खड़े करने के लिए जगह तलाशने के लिए नगर निगम, नगर पालिका, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और आवास विकास को पत्र लिखा गया है। इसके साथ ही गाजियाबाद में बेंगलुरु की तर्ज पर हैंगिंग पार्किंग मशीन खरीदने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही लोनी में अलग से सीज वाहनों को खड़ा करने के लिए बड़ा यार्ड भी स्थानीय एजेंजियों से मांग की गई है।

## सीपी जे रविंदर गौड की प्राथमिकता में शामिल है कमिश्नरेट की बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर जे रविंदर गौड को कार्यकाल संभाले हुए लगभग चार महीने का समय हो गया है। गाजियाबाद में पत्रकारों से चार्ज लेने के बाद जब वह रूबरू हुए थे, तो उन्होंने गाजियाबाद में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था, प्रमुख स्थानों पर जाम न लगने, अतिक्रमण को लेकर चालान कार्रवाई और नियमानुसार वाहनों के संचालन से लेकर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान और रोड सेफ्टी को लेकर नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। जिसका असर अब धीरे-धीरे कमिश्नरेट के तीनों जोन में नजर आने लगा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि गाजियाबाद जैसे मेट्रोपॉलिटन सिटी में जाम, अतिक्रमण की समस्या को कम करने के लिए यातायात पुलिस पर वह पूरा फोकस कर रहे हैं ताकि आने वाले दिनों में गाजियाबाद की बड़ी आबादी को ट्रैफिक जाम और परेशानियों का सामना कम से कम करना पड़े।



# टप्पेबाजी करने वाले एक बदमाश के लगी गोली साथी भी हुआ गिरफ्तार, लाखों की नगदी, चांदी और बाइक बरामद

**- एसीपी वेव सिटी की टीम द्वारा किया गया कई घटनाओं का खुलासा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वेव सिटी थाना अंतर्गत लाल कुआं पर बाहरी और दूसरे राज्यों के लोगों को बस के किराए में छोटे वाहनों में सफर करने के नाम पर टप्पेबाजी, ठगी व चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर सदस्यों को वेव सिटी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें बदमाश अफसर को पुलिस मुठभेड़ के बाद गोली मारकर दबोचा गया है। तो इसका साथी प्रदीप भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा, जिंदा कारतूस, ठगी की घटना संबंधित 1 किलो 900 ग्राम चांदी, 10 लाख 500 रुपये नगद और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बताया जा रहा है इनके द्वारा बीते दिनों एक के बाद एक कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था। एसीपी वेव सिटी प्रियश्री पाल ने जानकारी दी है कि अफसर और प्रदीप पर कई मुकदमे दर्ज हैं और यह बीते लंबे समय से इस तरीके की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

## एक बदमाश मुठभेड़, तो दूसरा दबिश देकर पकड़ा





करंट क्राइम : एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने जानकारी दी है कि पकड़े गए आरोपी लगभग 8 सालों से लाल कुआं और उसके आसपास लोगों को वैन और बाइक पर बैठाकर टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने का अपराध करते आ रहे हैं। इनके ऊपर कई अन्य जनपदों में भी मुकदमे हैं। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अफसर और इसके साथी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। अफसर औरंगाबाद बुलंदशहर का निवासी है, तो प्रदीप थाना विजयनगर गाजियाबाद का रहने वाला है। यह लोग लाल कुआं पर सीधे-साधे और कम पढ़े लिखे होने के साथ ही दूसरे शहरों और राज्यों के लोगों को अपने जाल में फंसा कर ठगी और टप्पे बाजी का शिकार बनाया करते थे।

## कई अन्य वारदातों के खुलासे के लिए जारी है प्रयास

करंट क्राइम : शनिवार को प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए एसीपी वेव सिटी प्रियश्री पाल ने जानकारी दी है कि इस मामले में पुलिस ने अभी हाल की घटनाओं का खुलासा किया है। इसके साथ ही कई अन्य मामलों की जांच और पूछताछ आरोपियों से की जा रही है ताकि उनका भी खुलासा किया जा सके।

# रिस्पांस टाइम में फिर गाजियाबाद की यूपी-112 रही टॉप, 3 मिनट 39 सेकंड रहा टाइम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद गाजियाबाद मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में पहचान बन चुका है। तो यहां की पुलिस व्यवस्था पहले से फास्ट और आधुनिक की जा रही है। इसी का नतीजा है 27 महीनों से यूपी- 112 का रिस्पांस टाइम प्रदेश में अव्वल बना हुआ है। जुलाई माह की रैंकिंग में भी गाजियाबाद नंबर वन पर रहा और 27 महीनों से गाजियाबाद का नंबर-वन वाला दबदबा कायम है। इस बीते महीने गाजियाबाद पुलिस का रिस्पांस टाइम 3 मिनट 39 सेकंड का रहा है, जो पिछले महीने से भी कम पाया गया है। बता दें कि किसी भी आपात सूचना, घटना एवं पुलिस कॉल यूपी-112 के कंट्रोल रूम में पहुंचती है और फिर कंट्रोल रूम से पुलिसकर्मियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया जाता है। जिसमें गाजियाबाद पुलिस लगातार टॉप पर बनी हुई है।

## 27 महीनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बना हुआ है नंबर वन




## लोगों की सुरक्षा और समय पर उपलब्धता बढ़ा रही है जनता में विश्वास : सीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि जिस तरीके से यपी-112 के रिस्पांस टाइम में गाजियाबाद पुलिस बीते 27 महीनों से अव्वल चल रही है, इससे लोगों में सुरक्षा का भाव अधिक जागृत हुआ है। तो वहीं उन्हें पुलिस समय पर उपलब्ध हो रही है, जिससे जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। साथ ही अपराध नियंत्रण की दृष्टि से भी पुलिस की यह है फास्ट रिस्पांस ड्यूटी सिस्टम को मजबूत बनाने का काम कर रही है।

## सिटी और ट्रांस हिंडन का टाइम आ रहा है बेहतर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों ही जोन बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। तो यूपी-112 के वाहन लगातार 27 महीनों से रैंकिंग के मामले में नंबर वन चल रहे हैं। जुलाई माह में गाजियाबाद पुलिस 3 मिनट और 39 सेकंड में किसी भी फोन कॉल होने के बाद मौके पर पहुंच रही है, यह इसका बेस्ट रिस्पांस टाइम रहा है। बता दें की सिटी और ट्रांस हिंडन के इलाकों में रिस्पांस टाइम बेहतर होने की वजह से लोगों को मदद आसानी से मिल पा रही है।

# पीएम मोदी ने किसानों को भेजी सम्मान निधि

## वाराणसी को 2183 करोड़ की परियोजनाओं का तोहफा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार, 2 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आए। इस दौरान पीएम मोदी वाराणसी में 2,183 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया। साथ ही इस दौरान पीएम मोदी ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने किसान निधि योजना के तहत देश भर के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपये के सीधे हस्तांतरण का आदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गांव में एक जनसभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने जिन प्रमुख परियोजनाओं की घोषणा की उनमें वाराणसी-भदोही मार्ग का चार लेन चौड़ीकरण, रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, तथा कैंसर अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी इकाइयों जैसे उन्नत चिकित्सा उपकरणों की स्थापना शामिल हैं।








### भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: पीएम मोदी

वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। इसलिए, भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, हमारे युवाओं के लिए रोजगार। इनके हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं। सरकार इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है।

### अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच ढट मोदी का स्वदेशी मंत्र

प्रधानमंत्री ने देश के आम लोगों और व्यापारियों से स्वदेशी का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हर देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर फोकस कर रहा है। ऐसे में हम भी संकल्प लें कि वही खरीदेंगे और वही बेचेंगे जिसे बनाने में किसी न किसी रूप में किसी भारतीय का पसीना बहा हो।

**केवल भारतीयों द्वारा बनाई चीजें खरीदें: पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता का माहौल है। सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इसीलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। हमारी सरकार देश के सर्वोत्तम हित में हर संभव प्रयास कर रही है। जो लोग देश का भला चाहते हैं और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं, चाहे वह कोई भी राजनीतिक दल हो, उन्हें अपने मतभेद भुलाकर स्वदेशी उत्पादों के प्रति संकल्प लेना चाहिए। हम केवल वही चीजें खरीदेंगे जो भारतीयों द्वारा बनाई गई हैं। हमें लोकल के लिए वोकल बनने की जरूरत है।

**सपा-कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा पाकिस्तान का दुख: पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान का दुख कांग्रेस, सपा से सहन नहीं हो रहा है। उधर आतंक का आका रोता है, इधर कांग्रेस, सपा वाले आतंकियों की हालत को देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर कभी भी तमाशा हो सकता है? वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में समाजवादी पार्टी भी पीछे नहीं है, सपा के नेता संसद में कह रहे थे पहलगाम के आतंकवादियों को अभी क्यों मारा? यह वही लोग हैं जो उत्तर प्रदेश में जब सत्ता में थे तो आतंकियों को क्लीन चीट देते थे। इन्हें आतंकियों के मारे जाने, ऑपरेशन सिंदूर के नाम से भी परेशानी होती है।

**कांग्रेस नहीं पचा पा रही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता: पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब सामने अन्याय और आतंक होता है, तो महादेव अपना 'रुद्र रूप' धारण करते हैं। दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का यह चेहरा देखा। जो कोई भी भारत के साथ खिलवाड़ करेगा, उसे 'पाताल लोक' में भी नहीं बख्शा जाएगा। दुर्भाग्य से, कुछ लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस और उसके अनुयायी और मित्र इस तथ्य को पचा नहीं पा रहे हैं कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है।

**मैंने जो वचन दिया वो पूरा हुआ :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की इतनी बेरहमी से हत्या कर दी गई। मेरा हृदय बहुत तकलीफ से भर गया था। तब मैं बाबा विश्वनाथ से यही मना रहा था कि सभी पीड़ित परिवारों को ये दुख सहने की हिम्मत दें।

**पिछली सरकारों की गलत नीतियों से पिछड़े जिलों के लिए मोदी सरकार लाई पीएम धन धान्य कृषि योजना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है- 'जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता'। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूर दी है जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे, उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा।

**सपा और कांग्रेस की सरकारें झूठ बोलती और गुमराह करती है: पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रही है। पिछली सरकारों ने अपने वादों में से एक भी पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा करती है। पीएम किसान सम्मान निधि सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और इरादों की मिसाल बन गई है। सपा और कांग्रेस जैसी विकास विरोधी सरकारें अफवाहें फैलाती थीं और लोगों को हर संभव तरीके से गुमराह करती थीं। यह देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक निराश विपक्ष इन झूठी उम्मीदों के साथ जी रहा है। वे बस किसानों से झूठ बोल सकते हैं और उन्हें गुमराह कर सकते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि अपनी शुरूआत से ही बिना रुके चल रही है।

### सिंदूर कभी तमाशा हो सकता है क्या? कांग्रेस-सपा पर बरसे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से अपने देश के भी कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस पार्टी और उनके चेले चपाटे पचा नहीं पा रहे कि भारत ने आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। मैं पूछना चाहता हूं कि आपको ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व है कि नहीं।

**ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने देखी हमारे स्वदेशी हथियारों की क्षमता: पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने हमारे स्वदेशी हथियारों की क्षमता देखी। हमारी वायु रक्षा प्रणालियों, मिसाइलों और ड्रोनों ने 'आत्मनिर्भर भारत' की ताकत साबित की है, खासकर ब्रह्मोस मिसाइलों ने। ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण अब लखनऊ में किया जाएगा। कई प्रमुख रक्षा कंपनियां यूपी डिफेंस कॉरिडोर में अपने विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही हैं। भारत में निर्मित हथियार जल्द ही हमारी सेनाओं की ताकत बनेंगे।

# दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा

**बंगलूरू:** कर्नाटक की विशेष अदालत की तरफ से दुष्कर्म के एक मामले में दोषी करार दिए गए जनता दल सेक्युलर (जदएस) नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। जानकारी के मुताबिक विशेष अदालत के जज संतोष गजानन भट्ट ने सजा का एलान किया। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म के चार मामले दर्ज हैं। मामला 48 वर्षीय महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले में रेवन्ना के परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी।




**प्रज्वल रेवन्ना पर क्या हैं आरोप :** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पौत्र रेवन्ना 2021 में हासन के फार्महाउस और बंगलूरू में अपने घर में महिला के साथ दो बार दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। उसने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर लिया था। साथ ही धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो लीक कर देगा।

**पीड़िता की गवाही रही अहम :** विशेष सरकारी वकील अशोक नायक ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने 26 गवाहों से बयान लिए और 180 दस्तावेज जमा किए। मुख्य साक्ष्य पीड़िता का था, जो बहुत ही विश्वसनीय था। मामले की जांच करने वाले विशेष जांच दल ने सितंबर 2024 में 1,632 पेज का आरोपपत्र दायर किया था। इसमें 113 गवाहों के बयान शामिल थे। मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए।

**पिछले साल 31 मई को गिरफ्तार किया गया :** प्रज्वल रेवन्ना को पिछले साल 31 मई को जर्मनी से बंगलूरू हवाई अड्डे पर पहुंचने पर होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। रेवन्ना 2024 के लोकसभा चुनावों में हासन संसदीय क्षेत्र पर जीत हासिल करने में विफल रहे थे। उनके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

# 'जो अर्बन नक्सल जैसा बर्ताव करेगा, वो जेल जाएगा'

## राज ठाकरे के बयान पर सीएम फडणवीस का पलटवार

**मुंबई :** महाराष्ट्र में पेश किए गए स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने इस कानून पर सवाल उठाए, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ शब्दों में कहा कि यह कानून ह्यराज ठाकरे जैसे लोगों के लिए नहींह्ल है, बल्कि उनके लिए है जो ह्यअर्बन नक्सलह्ल जैसे बर्ताव करते हैं। फडणवीस ने कहा कि कोई अगर कानून विरोधी गतिविधि में शामिल नहीं है, तो डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन जो संविधानिक व्यवस्था को कमजोर करेगा, उस पर कार्रवाई तय है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलना नहीं है, बल्कि उन संगठनों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है जो 'शहरी नक्सल' की सोच से समाज को गुमराह करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी सरकार की आलोचना करने से नहीं रोका जाएगा, लेकिन यदि कोई सरकार गिराने या हिंसा फैलाने की कोशिश करेगा तो कानून अपना काम करेगा।



**विपक्ष और विशेषज्ञों की चिंता: अभिव्यक्ति पर खतरा :** हालांकि विपक्षी दल और मानवाधिकार कार्यकर्ता इस कानून को अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र पर हमला बता रहे हैं। उनके मुताबिक, इस कानून में कई धाराएं इतनी व्यापक हैं कि किसी भी बयान, लेख या विचार को 'अवैध गतिविधि' करार दिया जा सकता है। ह्यअवैधह्ल शब्द की परिभाषा में 'किसी भी ऐसे शब्द, संकेत, लेख या प्रदर्शन को शामिल किया गया है जो शांति और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा बने।'

**बिना वारंट गिरफ्तारी और सख्त सजा का प्रावधान :** नए बिल में प्रावधान है कि किसी को भी संदिग्ध संगठन का सदस्य होने पर बिना वारंट गिरफ्तार किया जा सकता है। सजा के तौर पर दो से सात साल की जेल और दो से पांच लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। सरकार का तर्क है कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों में पहले से ऐसे कानून हैं, और महाराष्ट्र को भी इस खतरे से निपटने के लिए मजबूत कानूनी आधार चाहिए।

# प्रयागराज में गंगा-यमुना खतरे के निशान से पार, हजारों घर हुए जलमग्न



**प्रयागराज।** गंगा और यमुना ने खतरे के निशान पार कर दिया है। जलस्तर खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। नदियों का उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह हो गई है। गंगा और यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। लोग सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बाढ़ राहत शिविरों में प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जो प्रशासन के राहत शिविर में शरण लिए हैं। खतरे का निशान पार करते ही दो दर्जन से अधिक मोहल्लों के सैकड़ों घर बाढ़ में घिर गए हैं। सड़कों और गलियों में भी पानी भर गया है। बड़ी संख्या में लोगों को नावों से बाहर निकालना पड़ा है।

**चंबल ने दी राहत तो टोंस ने बढ़ाई चिंता :** गंगा के जलस्तर में शनिवार तक तेज गति से वृद्धि के आसार हैं। कानपुर से 80 हजार क्यूसेक से अधिक पानी लगातार आ रहा है। नरौरा से भी पानी लगातार आ रहा है। ऐसे में गंगा के जलस्तर में तेज वृद्धि जारी है। वहीं चंबल ने कुछ राहत दी है। शुक्रवार सुबह तक केन, बेतवा और चंबल नदी उफान थीं। केन और बेतवा अब भी उफान पर हैं लेकिन चंबल में पानी कम हो गया है। इससे यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार में कुछ कमी दर्ज की गई लेकिन टोंस ने चिंता बढ़ा दी है। टोंस नदी में तेज गति से पानी आ रहा है। इससे तटीय इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके अलावा दबाव बढ़ने के कारण छतनाग से पानी निकलने की रफ्तार पर अंकुश लगने की आशंका बन गई है। इससे कछारी इलाके में गंगा का पानी और फैलने की संभावना है।

स्टैनली रोड स्थित मेहबूब अली इंटर कॉलेज में शुक्रवार को कक्षाएं चल रही थीं। इसी दौरान करीब 11 बजे तक बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच गए। दिन में 12 बजे स्कूल बंद होने तक 100 से अधिक बाढ़ पीड़ित यहां पहुंच गए। छुट्टी के बाद प्रशासन की टीम ने इनके रहने की व्यवस्था की।

# 'मैं राजा नहीं हूं, राजा बनना भी नहीं चाहता हूं', समर्थकों की नारेबाजी पर राहुल गांधी का जवाब

**नई दिल्ली।** संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वार्षिक कानूनी सम्मेलन-2025 में कुछ ऐसा कह दिया, जिससे वहां मौजूद लोग तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं पाए। दरअसल, कार्यक्रम में राहुल के संबोधन के दौरान समर्थकों और राहुल को चाहने वालों ने उनके लिए नारेबारी की। लोग चिल्ला रहे थे- 'देश का राजा कैसा हो, राहुल गांधी जैसा हो'। इस पर राहुल ने कहा कि मैं राजा नहीं हूं। राजा बनना भी नहीं चाहता हूं। मैं राजा के कॉन्सेप्ट के खिलाफ हूं।



जैसे ही राहुल गांधी ने अपना संबोधन शुरू किया, विज्ञान भवन हॉल में मौजूद दर्शकों ने 'देश का राजा कैसा हो, राहुल गांधी जैसा हो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस पर राहुल गांधी ने जवाब दिया, 'नहीं बॉस, मैं राजा नहीं हूं। राजा बनाना भी नहीं चाहता हूं। मैं राजा के खिलाफ हूं। अवधारणा के भी खिलाफ हूं।' राहुल पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'राजा' शब्द का इस्तेमाल करते हुए उन पर जनता की आवाज न सुनने का आरोप लगा चुके हैं।

# 'दुष्कर्म से बचने के लिए घर पर ही रहें' गुजरात ट्रैफिक पुलिस के पोस्टर पर छिड़ा विवाद

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा कथित तौर पर प्रायोजित पोस्टर्स पर विवाद छिड़ गया है। विपक्षी पार्टियों ने राज्य सरकार को घेर लिया है। दरअसल इन पोस्टर्स में महिलाओं से अपील की गई है कि दुष्कर्म से बचने के लिए वे घरों में ही रहें। अहमदाबाद के कई जगहों पर ये पोस्टर्स लगे थे, लेकिन विवाद बढ़ने पर ये सारे पोस्टर हटा लिए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रायोजित इन पोस्टर्स में लिखा गया कि 'देर रात पार्टियों में शामिल न हों, आपके साथ दुष्कर्म या सामूहिक दुष्कर्म हो सकता है।' साथ ही लिखा गया कि




'अपने दोस्तों के साथ सुनसान जगहों पर न जाएं, कहीं आपके साथ दुष्कर्म या सामूहिक दुष्कर्म हो गया तो?' अहमदाबाद के सोला और चंडलोडिया इलाकों में ऐसे पोस्टर देखे गए। इन पोस्टर्स को लेकर विपक्षी पार्टियों ने सरकार पर निशाना साधा और महिला सुरक्षा पर सवाल उठा दिए।

### ट्रैफिक पुलिस ने दी सफाई

पुलिस उपायुक्त (यातायात पश्चिम), नीता देसाई ने बताया कि शहर की यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर प्रायोजित किए थे, न कि महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित। उन्होंने दावा किया कि सतर्कता समूह नामक एक गैर-सरकारी संगठन ने यातायात पुलिस की सहमति के बिना ये विवादास्पद पोस्टर लगाए थे। देसाई ने कहा, 'एनजीओ ने हमसे संपर्क किया था और कहा था कि वे स्कूलों और कॉलेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहते हैं।

# रक्षा सूत्र अभियान के तहत इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में किया गया पौधारोपण

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, आइडियल कॉलेज कैंपस में रक्षा सूत्र अभियान पौधारोपण एवं पेड़ों की रक्षा व संरक्षण के लिए शपथ, पौधारोपण अभियान में पांच पौधे लगाए गए। छायादार और फलदार अर्जुन, नीम, जामुन, पापड़ी, कचनार के पौधे रोपित किए गए। इंडिया इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल मोनालिसा फर्नांडीज एवं बच्चों के द्वारा रक्षा सूत्र अभियान भव्य रूप में संपन्न हुआ।

स्कूल छोटे-छोटे बच्चों और अध्यापक, अध्यापिकाओं ने पेड़ों और पौधों को रक्षा -सूत्र बांधकर शपथ ली। हरित भारत अभियान के महानगर अध्यक्ष सुनील सक्सेना ने शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यों में अग्रणी सामाजिक संस्था -मानवता की ओर कदम ट्रस्ट के संस्थापक -डॉ. राजीव त्यागी राज ने कहा जिस तरह से बहन भाई की कलाई पर राखी बांधकर भाई बहन को उसकी रक्षा के लिए वचन देता है। इस तरह रक्षा -सूत्र पेड़ों को बांधकर बच्चों ने भी उसके संरक्षक एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस शुभ अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य बबीता त्यागी का जन्म दिन पर त्रिदेव-पिलखन ,पीपल, बरगद के पौधे रोपित कर अपना जन्मदिन मनाया। विधि- विधान के साथ पूजा-अर्चना कर डॉ राजीव त्यागी राज ने पौधारोपण कराया।



इस अवसर पर संस्था के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, रोशन लाल जी पूर्व लेबर डिप्टी कमिश्नर, बबीता त्यागी महल वाला, आर.एस. तिवारी, शशि, लोकेश शर्मा, अशोक सिक्का, योगेश शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर ,हरित भारत अभियान के महानगर अध्यक्ष सुनील सक्सेना, वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्था के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवि राकेश गुप्ता, हरित भारत उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चंदन भारद्वाज, भारी समाज सेवी एवं संस्था की बारिश पदाधिकारी रीना त्यागी , आर.के त्यागी, जिले सिंह तेवतिया, सूबेदार ओमपाल, धीरेंद्र त्रिपाठी राष्ट्रीय सैनिक संस्था राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे । डॉ राजीव त्यागी राज में सभी का आभार प्रकट किया।

# शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कैसे हो इस विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया फोन विराम विद्यालय समिति के प्रबंधक दीपांशु पाल ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के प्रशिक्षण के लिए विवेक गिरि तथा मीतू त्रिपाठी को सीबीएसई की ओर से नियुक्त किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन राठी ने दोनों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रशिक्षण पांच चरणों में रहा तथा विद्यालय के सभी अध्यापकों ने सैद्धांतिक व प्रयोगात्मक रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बारीकियों को समझा। कार्यशाला में विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष कुणाल ने भी दो सत्र में उपस्थित रहकर अक प्रशिक्षण का अनुभव किया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### भाजपा पार्षद ने अपने वार्ड में काम किया है आने वाले लोगों के लिए भी इतना नेक

# परोपकार की व्यवस्था ऐसी मानो खोल दिये हों परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी गेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परीक्षा का सेंटर अगर दूर पड़े और उस पर क्या मजबूरी हो सकती है इसे वो माता पिता और वो अभ्यर्थी बेहतर जानते हैं जिनका परीक्षा सेंटर घर से दूर पड़ता है। अनजान जगह पर जाना और वहां पर परीक्षा देने से ज्यादा चुनौती उन माता-पिता और परिजनों के लिए होती है जो अपनी बहन-बेटियों, पुत्रों को साथ लेकर जाते हैं। कोई केन्द्र में परीक्षा देता है और परिजन बाहर इंतजार करते हैं। इस पराई पीड़ा को बेहतर समझा वार्ड 59 के भाजपा पार्षद राजीव शर्मा ने। उन्होंने इस पीड़ा को देखा, समझा और फिर उन लोगों की मदद के लिए बीड़ा उठाया जो यहां आते हैं। दरअसल नवयुग मार्किट के एमबी गर्ल्स स्कूल, मनोहरि विद्या मंदिर और सड़क के उस पार सेठ मुकुंद लाल स्कूल में अक्सर प्रतियोगी परीक्षाओं का सेंटर पड़ता है और कई अन्य परीक्षाऐं देने अभ्यर्थी आते हैं। कई बार दूर दराज से परीक्षार्थी एवं उनके परिजन आते हैं। परीक्षा सुबह होनी है और वो रात में ही आ जाते हैं। ऐसे में सिवाए सड़क के किनारे के रूकने या आस पास होटल तलाशने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होता।

खाने सोने का इंतजाम करना है और दूसरी तरफ परीक्षा देनी है। इस सारी परेशानी को समझते हुए पार्षद राजीव शर्मा ने यहां धर्म के साथ परोपकार का बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने नवयुग मार्किट में ही शिव मंदिर समिति के तत्वाधान में यहां आने वाले परीक्षार्थियों के लिए रूकने और खाने का निशुल्क इंतजाम किया है। उनका कहना है कि अब हमारे वार्ड में अगर कोई भी व्यक्ति कहीं से भी परीक्षा देने के लिए आता है तो उसके भोजन और ठहरने की व्यवस्था हमारे द्वारा निशुल्क की जायेगी। शिव मंदिर समिति के महामंत्री पार्षद राजीव शर्मा हैं। इसके अलावा इस समिति के चेयरमैन सुबोध गुप्ता हैं तथा शशिकांत बिंदर व अन्य लोग हैं।

## एडमिट कार्ड दिखाईये और रूकने से लेकर निशुल्क भोजन पाईये

करंट क्राइम। यदि आप किसी भी जिले के निवासी हैं और आपका परीक्षा सेंटर एमबी गर्ल्स स्कूल, मनोहरि विद्यामंदिर या सेठ मुकुंदलाल स्कूल में पड़ा है या फिर अन्य किसी आसपास के स्कूल में पड़ा है और आप अपने परिजन के साथ परीक्षा देने आये हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप नवयुग मार्किट में शहीद पथ पर आईये यहां दुर्गा भाभी चौक के पास शिवमंदिर समिति द्वारा शिव मंदिर का निर्माण किया गया है। यहां केवल उन व्यक्तियों के लिए रात में रूकने का इंतजाम है जो परीक्षा देने या दिलवाने आये हैं। आपको केवल आधार कार्ड दिखाना है, परीक्षा का एडमिट कार्ड दिखाना है और समिति के पास आपके रूकने का ठिकाना है। समिति द्वारा सुबह नाश्ते में ब्रेड पकोड़ा और चाय की व्यवस्था की जायेगी और सुबह 11.00 बजे भोजन प्रसाद की व्यवस्था है जिसमें रोटी, सब्जी, दाल, चावल का इंतजाम निशुल्क है।

## दूर तक जायेगा सेवा-परोपकार का गाजियाबाद से संदेश

करंट क्राइम। पार्षद राजीव शर्मा इस क्षेत्र में हमेशा कुछ ना कुछ काम करते हैं। पहले उन्होंने यहां शहीद पथ का निर्माण कराया और आज देशभक्ति के कार्यक्रम के लिए पूरे गाजियाबाद में सबसे सुंदर पथ माना जाता है। अब उन्होंने एक ऐसा काम किया है जिससे पूरे गाजियाबाद का एक सकारात्मक चेहरा लोगों के सामने आया है। एक संदेश गाजियाबाद से पूरे उत्तर प्रदेश में जायेगा। यहां पर 20 तख्त की व्यवस्था की गई है, रूकने की व्यवस्था की गई है और सबसे बड़ी बात ये है कि सिर्फ एडमिट कार्ड दिखाना है और समस्या का समाधान हो जाना है। पहले ये होता था कि अभ्यर्थी तो पेपर देने चलाया गया और परिजनों को पुलिस सेंटर से अलग भेजती थी। लेकिन अब पुलिस ही बताती है कि आप लोग शिव मंदिर पहुंचो, वहां पूरा इंतजाम है। व्यवस्था ऐसी कि जैसे परीक्षार्थीयों के लिए अपने घर के गेट खोले हों। अब परीक्षा केंद्र दूर है और वो नवयुग मार्किट में है तो चिंता की कोई बात नहीं है।

## जिस दिन होगी परीक्षा, उस दिन चलेगा यहां निशुल्क भोजन और चाय का भंडारा



करंट क्राइम। समिति के महामंत्री और इस वार्ड के पार्षद राजीव शर्मा ने बताया कि मानव सेवा के उद्देश्य से हमने ये व्यवस्था की है। हर कोई समझ सकता है कि इसके मूल में राजनीति नहीं बल्कि परोपकार है। उन्होंने बताया कि हमने यह भी तय किया है कि जिस दिन भी इन केन्द्रों पर परीक्षा होगी तो उसी दिन यहां निशुल्क भंडारे का आयोजन होगा। इससे यह लाभ होगा कि परीक्षा देने आये परीक्षार्थी और उनके साथ आये परिजन आराम से यहां भोजन करें और फिर परीक्षा दें। उन्होंने बताया कि यह एक पहल हमने मिलकर की है। मनुष्य वही होता है जो दूसरे की पीड़ा को समझे और फिर उसके समाधान का प्रयास करे। हमने इस परेशानी को समझा और उसे दूर करने का प्रयास किया है। सबसे बड़ी बात ये है कि ये मदद का एक कारवां है और इसमें किसी भी प्रकार के जाति धर्म का कोई बंधन नहीं है। केवल परीक्षार्थी का एडमिट कार्ड होना चाहिए।

## समान जमा कराईये और निशुल्क टोकन पाईये

करंट क्राइम। समिति ने परीक्षा देने आये अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की इस चिंता को भी खत्म किया है कि अपना सामान कहां रखें। अभी तक ये हो रहा था कि परीक्षार्थियों का सामान रखने के लिए 50 रूपये लिये जा रहे थे। समिति ने खुला ऐलान किया कि अपना सामान बैग यहां जमा करायें और निशुल्क टोकन पायें। ये समिति की व्यवस्था है और समिति के पदाधिकारी परीक्षा वाले दिन पूरी सेवा भाव से यहां मौजूद रहेंगे। समिति का ये संदेश है कि परीक्षा की घड़ी में हम पूरी तरह से परीक्षार्थी और उनके परिजनों के साथ हैं।

# भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने कहा, भाजपा सरकार ट्रंप के दबाव में नहीं है, बल्कि विपक्ष ही उनके दबाव में है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद अतुल गर्ग ने शनिवार को कई मुद्दों पर बयान दिया, जिसमें विपक्ष की राजनीति, ट्रंप के दबाव और मालेगांव मामले का जिक्र किया। सांसद ने कहा कि बीजेपी या सरकार ट्रंप के दबाव में नहीं है, बल्कि विपक्ष ही उनके दबाव में है। अतुल गर्ग ने कहा, यदि हमारी सरकार ट्रंप के दबाव में होती, तो क्या हम रूस से तेल खरीदते? क्या हम फ्रांस से हथियार खरीदते, जब ट्रंप ने मना किया था? यह पूरी तरह से विपक्ष का झूठा आरोप है कि हम ट्रंप के दबाव में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीजेपी और सरकार की नीतियां अपने हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तय की जाती हैं, न कि किसी विदेशी दबाव के तहत।




**विपक्ष पर हमला : ऑपरेशन सिंदूर और महादेव :** विपक्ष द्वारा ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव पर उठाए गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अतुल गर्ग ने कहा, विपक्ष का पूरा खेल जाति और धर्म के आधार पर वोट बैंक की राजनीति करना है। वह सिर्फ अपने एन्टी बीजेपी वोट बैंक को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह राजनीति देश के विकास में रुकावट डालने का काम कर रही है।

**डिम्पल यादव पर विवाद :** डिम्पल यादव को लेकर चल रहे विवाद पर भी अतुल गर्ग ने कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, जब मौलवी हिंदू समाज और भारत के खिलाफ फतवे देते हैं तो विपक्ष उनका समर्थन करता है। अब जब घर की बहू-बेटियों के खिलाफ टिप्पणी की जाती है, तो विपक्ष को पहली बार दर्द महसूस हो रहा है।

**मालेगांव मामले पर टिप्पणी :** मालेगांव मामले में हाल ही में कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर अतुल गर्ग ने कहा, यह फैसला न्यायपूर्ण और बड़ा न्याय है। कुछ लोग इसमें भी राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे घृणित बात यह है कि इस निर्णय के बाद कुछ लोग आरआरएस प्रमुख मोहन भागवत जी और अन्य बड़े नेताओं के नाम भी ले रहे हैं, जो कि पूरी तरह से गलत है। बीजेपी सांसद अतुल गर्ग के बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है और ये बयान आगामी दिनों में और भी चर्चा का विषय बन सकते हैं।

# एटीएम मैकेनिक ने ही चोरी का बनाया था साथी के साथ प्लान, 10 लाख कैश के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## डीसीपी सिटी जोन की स्वॉट टीम और नगर कोतवाली ने खोला एटीएम चोरी का केस

### -घटना में इस्तेमाल चोरी की मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल, दो बैग-पर्स, एटीएम मशीन खोलने के पुर्जे और औजार बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कोतवाली थानाक्षेत्र के जस्सीपुरा इलाके में हिताची कंपनी के एटीएम में लाखों रुपए की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए, किसी और को नहीं बल्कि इसी कंपनी के जरिए एटीएम मशीन ठीक करने वाले मैकेनिक और उसके साथी चोर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को चोरी की वारदात को अंजाम देने की सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी थी। जिसके बाद पुलिस ने इस दिशा में खुलासा करने की प्लानिंग शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी सूरज नारायण निवासी अयोध्या उम्र लगभग 33 साल और सोनू राजपूत निवासी मैनपुरी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि सोनू एनसीआर में एटीएम को ठीक करने का काम करता है। तो वहीं अधिक पैसे कमाने के लालच में दोनों ने एटीएम का पहले उसका शूटर तोड़ा और फिर अंदर लगे कैमरा पर ब्लैक स्प्रे कर दिया था। पुलिस ने बताया है कि एटीएम में चोरी की यह वारदात 19 जुलाई की शाम को सोनू ने कैमरों के वायर काट दिए थे और 24 जुलाई की सुबह यहां दोनों ने एटीएम से 12 लाख 40000 रुपए चुरा कर ले गए थे। शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल और घंटाघर थाना पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है।

### मोटी रकम पाने के लिए दो महीने पहले बनाया था चोरी का प्लान



करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सोनू मैकेनिक है। तो उसका साथी सूरज पैसा कमाना चाहता था। दोनों ने दो महीने पहले ही पैसे कमाने के चक्कर में चोरी का प्लान बनाया था। इन्होंने 19 जुलाई को कैमरों के वायर काटे और 24 जुलाई की सुबह वारदात को जवाब दिया। चोरी के वक्त दोनों हेलमेट लगाकर अंदर घुसते थे और एटीएम में लगे कैमरे पर ब्लैक स्प्रे कर दिया था ताकि इनकी पहचान ना हो सके। पुलिस ने सर्विलांस, सीसीटीवी और टेक्निकल जानकारी जुटाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इनका कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

### पुराने प्रभारी ने की मेहनत, नए के आते ही हुआ खुलासा

करंट क्राइम : शनिवार को डीसीपी सिटी जोन आईपीएस धवल जायसवाल, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और नवनियुक्त घंटाघर थाना प्रभारी धर्मपाल के साथ स्वॅाट टीम नगर जोन व थाना कोतवाली पुलिस ने लाखों रुपए एटीएम चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनसे भारी संख्या में कैश, घटना में इस्तेमाल मोटर साइकिल, तीन मोबाइल फोन, बैग, एटीएम और मिशन खोलने के पुर्जे और औजार बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि घंटाघर थाने के पूर्व थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने इस केस को खोलने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तो नवनियुक्त थाना प्रभारी धर्मपाल घंटाघर कोतवाली के चार्ज लेने के बाद इस मामले का खुलासा किया है।



"एटीएम चोरी की घटना खोलने के लिए पुलिस की कई टीमें काम कर रही थी। इसमें स्वॅाट टीम नगर जोन और थाना कोतवाली पुलिस का योगदान रहा है। चोरी की घटना में अधिकांश रकम बरामद कर ली गई है।

धवल जायसवाल, डीसीपी सिटी जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# ट्रांस हिंडन जोन के पांच शातिर अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट, दर्ज हैं 23 मुकदमे

### – डीसीपी ट्रांस हिंडन ने कहा, अपराधियों पर होगी लगातार कड़ी कार्रवाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। तो लगातार एक्टिव रहने वाले बदमाशों पर पुलिस निगरानी रखने का काम भी कर रही है। इसी के साथ डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने कहा है कि ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले थानाक्षेत्रों के बदमाशों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उनको कंट्रोल किया जा रहा है। साथ ही अभ्यस्त अपराधियों पर लगातार पुलिस की टीम निगरानी रख रही है। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए डीसीपी ट्रांस हिंडन के निर्देश पर पांच बदमाशों के खिलाफ और थाना टीलामोड़ पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोलने का काम किया है। यह सभी बदमाश नई उम्र के हैं और अलग-अलग अपराध में शामिल हैं। इन पांचो अपराधियों पर लगभग 23 मुकदमे पंजीकृत है, इसीलिए इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

**चीता नानू नन्नू की खुली है हिस्ट्री शीट :** करंट क्राइम : टीलामोड़ थानाक्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले जिन पांच आरोपियों की हिस्ट्री शीट खोली गई है, इन सभी के नाम उर्फ यानी निकनेम भी हैं। पुलिस द्वारा जिन बदमाशों की हिस्ट्री शीट खोली गई है, उसमें सोनू उर्फ चीता उम्र 38 साल, 5 मुकदमे। सोनू उर्फ असलम उम्र 30 साल चार मुकदमे, ललितेश उर्फ लक्की उम्र 32 साल 5 मुकदमे ,नवीन उर्फ नन्नू उम्र 22 साल चार मुकदमे और सुमित गौतम उर्फ.नानू की उम्र 25 वर्ष और पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इन पांचो की हिस्ट्री शीट खोली है। इन पांचो शातिर अपराधियों पर कुल मिलाकर 23 अलग-अलग अपराध के मुकदमे दर्ज हैं।

# नगर निगम की तीन सदस्यीय टीम ने ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रैपिज 2025 में किया गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व, नगर आयुक्त ने साझा की योजना

## गीले कचरे से खाद तथा गोबर से पेंट बनाने के सुझाव को मिली विश्व की प्रशंसा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रैपिज मेयर्स चैलेंज 2025 के आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम से तीन सदस्य टीम कोलंबिया देश भेजी गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, तथा एक्सपर्ट टीम से तारूशी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का प्रतिनिधित्व आयोजित भव्य कार्यक्रम में किया गया।
गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाई राइज सोसाइटियों से एकत्र गीले कूड़े से खाद बनाने का कार्य किया जा रहा है तथा गोबर से पेंट बनाने के लिए भी पूरी तैयारी चल रही है जिसमें पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ते हुए कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी प्रस्तुतीकरण किया गया।

विश्व स्तर पर आयोजित आइडिया कैंप में गाजियाबाद नगर निगम की तीन सदस्य टीम ने विस्तार से अपने सुझाव रखे जिसकी सराहना अमेरिका, अफ्रीका, जापान, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया व अन्य देशों ने की, ग्लोबल एप्लीकेशन पर आवेदन करने वाले 630 देश में से 50 शहर को शामिल किया गया जिसमें भारत से गाजियाबाद नगर निगम भी चिन्हित रहा जिसके फल स्वरुप गाजियाबाद नगर निगम को 50 लाख रुपए, पर्यावरण हित में कार्य करने हेतु मिलेंगे तथा गाजियाबाद नगर निगम के सुझावों को स्वीकृति के साथ प्रशंसा भी मिली है।

### ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रैपिज 2025 में पायलट प्रोजेक्ट को सफलता दिलाकर, 10 करोड़ लाना निगम का ध्येय : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम का भारत में ही नहीं विश्व स्तर पर भी सम्मान के साथ नाम हो रहा है जो कि गाजियाबाद शहरवासियों के लिए एक बड़ी



उपलब्धि व सराहनीय बात है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा निगम अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। तीन दिवसीय टीम जिनके द्वारा गाजियाबाद नगर निगम का प्रतिनिधित्व किया गया उनके द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम का गोबर से पेंट बनाने का प्रोजेक्ट जिसको पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा सुझाव को प्रशंसा मिली। कई देशों ने उसकी पूर्ण जानकारी भी मांगी तथा पर्यावरण और जलवायु अनुकूल तैयार किया जा रहे इस प्रोजेक्ट को फाइनल लिस्ट में भी शामिल किया जाएगा। इसके लिए समस्त एक्टिविटी लेक्चर में प्रतिभाग किया गया, पायलट प्रोजेक्ट की सफल होने के बाद गाजियाबाद नगर निगम को लगभग 10 करोड़ प्राप्त होंगे जिसकी तैयारी टीम में विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोबर से पेंट बनाने का कार्य किया जाएगा इसके अलावा गीले कचरे से खाद बनाने की कार्यवाही जो की भव्यता से चल रही है जिसको हर घर अपना रहा है तथा कचरे से बनी खाद का इस्तेमाल प्लांटेशन में भी कर रहा है जो की प्रशंसनीय है जन सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम का नाम भारत के अलावा विश्व स्तर में भी गूंज रहा है, आयोजित कार्यक्रम में वीडियो के माध्यम से माननीय महापौर द्वारा दिए गए हरित शहर तथा कचरा मुक्त शहर के संदेश को विश्व स्तर पर सरहाना मिली है जो की गाजियाबाद शहर वासियों के लिए भी गर्व की बात है।

## विश्व स्तर पर गूंजा शहर में ग्रीनरी बढ़ाने तथा कूड़े निस्तारण के लिए महापौर का मोटिवेशनल संदेश

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रैपिज मेयर्स चेलेंज 2025 मे गाजियाबाद का नाम शामिल होना बहुत ही प्रशंसा का विषय रहा उसके बाद गाजियाबाद नगर निगम से तीन सदस्य टीम को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भेजा गया जिनके द्वारा प्रमुखता से गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं को विश्व से पधारे हुए अन्य देश के सामने रखा गया जिनको सम्मान के साथ सभी ने अपनाया। योजनाओं के क्रम में गोबर से पेंट बनाने का कार्य, तथा हाई राइज सोसाइटी के माध्यम से गीले कचरे से खाद बनाने की प्रणाली को अपनाए जाने के बाद प्लांटेशन को बढ़ावा देने का कार्य वाक्य प्रशंसनीय है जिसकी विश्व स्तर पर भी प्रशंसा हुई है। आगामी तैयारी भी अधिकारियों द्वारा बेहतर की जा रही है। मुकाम को हासिल किया जाएगा तथा गाजियाबाद नगर निगम को फाइनल लिस्ट में शामिल करते हुए 10 करोड़ निगम हित में ले जाएंगे जिसमें जन सहयोग तथा अधिकारियों की योजना सफलतापूर्वक कार्य करेंगी। महापौर द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी तथा एक्सपर्ट टीम से तारूशी द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी गई।



## संपादकीय

# गाजा में बदलता माहौल

गाजा में नागरिकों पर लगातार हो रहे इजरायली हमलों पर महीनों आंखें मूंदे रहने के बाद आखिरकार प्रमुख पश्चिमी देशों ने अपना रुख बदलते हुए सख्ती दिखाई है। फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा ने फिलिस्तीन को दी सशर्त मान्यता सितंबर में बढ़ा दी है तथा संयुक्त राष्ट्र महा सभा के 80वें सत्र के पहले दो राष्ट्रों वाले हल को समर्थन देने की बात कही है। व्यावहारिक तौर पर तो यह कद सांकेतिक ही है क्योंकि फिलिस्तीन राज्य का कोई अस्तित्व ही नहीं है। लेकिन व्यापक भूराजनीतिक संदर्भों में यह बदलाव इजरायल के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रुख में बहुत अहमियत रखता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच में से चार सदस्यों (चीन और रूस भी) से पहली बार द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता मिलने की संभावना है। ऐसे में अमेरिका अलग-थलग पड़ जाएगा। वे संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से उन 147 देशों में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने फिलिस्तीन को मान्यता दी है। भारत ने बहुत आरंभ में ही उसे मान्यता दे दी थी। रुख में इस बदलाव से पहले तीन देशों ने संयुक्त घोषणा की थी कि वे गाजा में इजरायल के आक्रामक रुख से भयाक्रांत हैं और पश्चिमी तट पर अवैध बस्तियों के विस्तार की निंदा करते हैं।

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के इन तीन साझेदार देशों की सरकारें गाजा और पश्चिमी किनारे पर इजरायली अत्याचारों के खिलाफ बढ़ते जनमत पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही हैं। गत सप्ताह स्लोवेनिया यूरोपीय संघ का पहला सदस्य देश बना जिसने गाजा में आक्रामक भूमिका निभाने वाले दो इजरायली मंत्रियों को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया। 30 जुलाई को यूरोपीय संघ के 58 पूर्व दूतों ने आग्रह किया कि संघ हथियारों का निर्यात बंद करे, इजरायल पर प्रतिबंध लगाए और वहां अत्याचार रोकने के लिए कदम उठाए।

इस सप्ताह के आरंभ में फ्रांस और इटली में बंदरगाहों पर काम करने वालों ने इजरायल भेजे जा रहे हथियारों की खेप रोक दीं और अपनी सरकारों से इजरायल को राजनयिक समर्थन रोकने के लिए कहा। जर्मनी में जनसंहार (होलोकॉस्ट) का इतिहास होने के कारण इजरायल को तगड़ा समर्थन हासिल है। उसने भी गाजा में विमानों से राहत सामग्री पहुंचाने की बात कही मगर इजरायल को समर्थन भी वह देता रहेगा। सऊदी अरब ने भी हवाई मार्ग से वहां खाद्य सहायता पहुंचाई और इस संकट पर अब तक दिखाई जा रही उदासीनता त्याग दी। इन घोषणाओं के साथ ही महत्त्वपूर्ण राजनयिक गतिविधियों से भरा हफ्ता भी पूरा हो गया। एक उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में 29 और 30 जुलाई को न्यूयॉर्क घोषणा पत्र जारी किया गया तथा आठ दशकों से चले आ रहे विवाद को हल करने की चरणबद्ध योजना पेश की। इसका अंत स्वतंत्र और असैन्य फिलिस्तीन के रूप में होगा, जो इजरायल के साथ शांति से रहेगा। लगभग उसी समय दक्षिण अफ्रीका के नेतृत्व में आठ देशों के हेग समूह ने चीन, स्पेन और कतर सहित करीब 30 देशों की एक बैठक आयोजित की, जिसमें गाजा में इजरायल की हरकतों के खिलाफ कई कदमों पर सहमति बनी। इनमें हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध, हथियार ले जाने वाले जहाजों पर प्रतिबंध और इजरायली कंपनियों से जुड़े ठेकों पर पुनर्विचार शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञ फ्रांसेस्का अल्बानीज भी इस बैठक में रहीं और उन्होंने इसे पिछले 20 महीनों का सबसे अहम राजनीतिक घटनाक्रम करार दिया।

अब सवाल यह है कि जनमत में इस बदलाव से जमीनी दशा भी कितनी बदल पाएगी। चूंकि अमेरिका से इजरायल को लगातार समर्थन और 70 फीसदी हथियार मिल रहे हैं, इसलिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में रक्षा बलों पर और पश्चिमी तट में बसने वालों पर शायद ही लगाम कसें। असली इम्तहान तो इस बात का होगा कि यूरोप क्या इजरायल पर प्रतिबंध लगाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की शुल्क की धमकियों का जोखिम उठाएगा। अधिक दबाव बनाए बगैर आठ दशक से चले आ रहे इस संघर्ष का दो राज्यों वाला समाधान हकीकत नहीं बन पाएगा।

# अमेरिकी टैरिफ के दबाव से एफपीआई का रुख बदला

## जुलाई में बाजार से निकाले 17741 करोड़ रुपये

**अमेरिकी टैरिफ दबाव के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से लगभग 17,741 करोड़ रुपये निकाले। एफपीआई ने 2025 में अब तक 1,10,795 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे कुल मासिक आंकड़ों पर गहरा असर पड़ा और जुलाई का निवेश नकारात्मक दायरे में चला गया।**

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय बाजारों से कुल 17,741 करोड़ रुपये निकाले। इसी के साथ वे इक्विटी बाजार में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

**जुलाई के आखिरी हफ्ते में हुई भारी बिकवाली**

अप्रैल, मई और जून के दौरान लगातार तीन महीनों के सकारात्मक निवेश के बाद यह एफपीआई द्वारा नकारात्मक निवेश का पहला महीना है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में अचानाक हुई बिकवाली के चलते धारणा में यह भारी बदलाव आया। 28 जुलाई से 1 अगस्त के बीच, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 17,390.6 करोड़ रुपये निकाले। इससे कुल मासिक आंकड़ों पर गहरा असर पड़ा और जुलाई का निवेश नकारात्मक दायरे में चला गया।



**एफपीआई ने 2025 में अब तक 1,10,795 करोड़ रुपये निकाले :** यह बिकवाली दबाव मुख्य रूप से अमेरिका की ओर से लगाए गए नए टैरिफ शुल्कों के कारण है। इसका असर कई अन्य देशों के साथ भारत पर भी भारी पड़ा। जुलाई में हुई हालिया बिकवाली के साथ, कैलेंडर वर्ष 2025 में एफपीआई द्वारा कुल शुद्ध बहिर्वाह अब 1,01,795 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

**मई में एफपीआई का प्रदर्शन अब तक सबसे अधिक रहा :** आंकड़ों से यह भी पता चला कि मई में 2025 में अब तक सबसे अधिक एफपीआई प्रवाह देखा गया। वहीं जनवरी में सबसे बड़ी बिकवाली देखी गई। इसमें 78,027 करोड़ रुपये की शुद्धि बिक्री हुई।

**टैरिफ और भू-राजनीतिक तनाव का पड़ेगा असर :** एफपीआई के रुझान में बदलाव से भारतीय इक्विटी बाजार के लिए चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे पिछले महीनों में विदेशी निवेशकों से मजबूत समर्थन मिल रहा था। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से पारस्परिक टैरिफ और अमेरिका और रूस के बीच भू-राजनीतिक तनाव जैसे वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम आने वाले हफ्तों में एफपीआई व्यवहार को प्रभावित करते रहेंगे।

**पिछले महीनों का प्रदर्शन**

पिछले महीने जून में, एफपीआई ने भारतीय बाजार में 14,590 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। मई में, विदेशी निवेशकों ने 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया।

इससे एफपीआई प्रवाह के लिहाज से यह साल का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया।

# सस्ता हो रहा सोना-चांदी

## गोल्ड 400 और सिल्वर 2500 रुपये टूटा



**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 400 रुपये घटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार को 300 रुपए की गिरावट के साथ 97,500 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमत 2,500 रुपये गिरकर 1,09,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतें बढ़ी :** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नरमी के कारण सोने में कमजोरी रही, जो 3,290 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहा। वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 0.12 प्रतिशत बढ़कर 3,294.31 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

**सुरक्षित निवेश की मांग हुई कमजोर :** एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एवं करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा कि यह गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व के लगातार आक्रामक रुख और निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती के कोई संकेत न मिलने के कारण आई है। इससे सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों के प्रति धारणा कमजोर हुई है।

**सप्ताह के अंत में नकारात्मक रुझान रहा :** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन सोने में नकारात्मक रुझान रहा और साप्ताहिक आधार पर यह गिरावट के साथ बंद होगा। यह गिरावट समग्र रूप से मांग में कमी और अमेरिकी डॉलर में मजबूत सुधार के कारण हुई है। यह इस सप्ताह अब तक 2 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कीमती धातु अनुसंधान विश्लेषक मानव मोदी के अनुसार, औद्योगिक धातुओं में गिरावट के बीच चांदी की कीमतें कम रहीं। वैश्विक टैरिफ अनिश्चितताओं के कारण बाजार प्रतिभागी सतर्क बने हुए हैं। मोदी ने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को 4.25 से 4.50 प्रतिशत के दायरे में स्थिर रखा है। इस निर्णय के बाद अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों से सितंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं।

## राशिफल

**मेष :** आज आपको पिता से कोई जरूरी काम मिलेगा। आपके पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच सकते हैं।

**वृष :** आपके स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। निर्णय लेने में आप कभी हाँ और कभी नहीं कहेंगे और ऐसे में अवसर चूक जाएगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता कमजोर रहेगी।

**मिथुन :** आज आपको शांति से व्यवहार करने की सलाह दी जाती है। आज आपको किसी प्रकार का नुकसान हो सकता है। निर्माण कार्यों में खर्च होने की भी संभावना है।

**कर्क :** आपको अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने की जरूरत है। आप खुले बाजार में खरीदारी करने जा सकते हैं। आपको अपनी आय को ध्यान में रखकर खर्च करना चाहिए।

**सिंह :** भाग्य आपका साथ देगा और आपको जटिल समस्याओं का समाधान मिलेगा। आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी विकसित हो सकता है। पुराने निवेश अच्छे परिणाम देंगे।

**कन्या :** आपको नौकरी और व्यापार में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, आप जितनी मेहनत करेंगे, आपको उतना ही अधिक लाभ होगा। किसी से बेवजह दोस्ती करने से बचें।

**तुला :** आज आपको अपने काम में सावधानी बरतनी होगी। व्यापार में किसी भी प्रकार के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। अकारण हानि का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन बेहतरीन परिणाम दे सकता है। आप नौकरी की तलाश में हैं तो अब और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वेतनभोगी लोगों के लिए पदोन्नति संभव है।

**धनु :** लेन-देन में विवाद गहरा सकता है। काम की अधिकता स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। जमीन व भवन के क्रय-विक्रय की योजना बनेगी।

**मकर :** सरकारी संस्थानों के लोगों का दिन अच्छा रहेगा वहीं निजी काम करने वाले लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है।

**कुंभ :** आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान व्यावसायिक संदर्भ में छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। कार्य क्षमता से सफल हो सकते हैं।

**मीन :** आपको अपने जीवन में नई सफलताओं को प्राप्त करने के लिए परिवार के किसी प्रमुख सदस्य की मदद लेनी पड़ सकती है। सट्टेबाजी लाभदायक हो सकती है।

## चुटकुले

छात्र - सर जी...
मास्टर - हां बोलो...
छात्र - मैंने जो काम नहीं किया क्या आप उसकी सजा मुझे देंगे...?
मास्टर - नहीं, बिल्कुल नहीं...!
बोलो क्या बात है...?
छात्र - मैंने आज होमवर्क नहीं किया...!

---

पप्पू (होटल मैनेजर से) - थोड़े टमाटर के छिलके चाहिए!
मैनेजर - अरे पर छिलकों का क्या करोगे?
पप्पू - लड़की वाले देखने आ रहे हैं, बाहर डस्टबिन में डाल कर रखूंगा...!!!

---

मास्टर जी - 'मर भी गया तो मैं तुझे करता रहूंगा प्यार'
इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है...?
पप्पू - सर इसका मतलब है कि कवि अपनी प्रेमिका को भूत बनकर डराना चाहता है...!

# बेहतर मानसून से खरीफ की बुवाई तेज

## कृषि जीवीए और ग्रामीण मांग में सुधार की उम्मीद



**नई दिल्ली।** इस सीजन खरीफ फसलों की बुवाई पिछले साल की तुलना में अधिक होने की उम्मीद है। अनुसंधान फर्म आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार अच्छे मानसून की बदौलत खरीफ की बुवाई 76 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। जुलाई 2025 तक इसमें चार प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई।

**अच्छे मानसून से रबी फसलों की भी बुवाई में वृद्धि की संभावना :** जून और जुलाई के बरसात के महीनों में बोई जाने वाली खरीफ फसलें मुख्य रूप से मूंग, चावल और मक्का हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि अगस्त और सितंबर के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का आईएमडी का पूवार्नुमान खरीफ फसलों की निरंतर बुवाई के लिए अच्छा संकेत है। साथ ही जलाशयों के दोबारा भरने से अक्टूबर से मार्च तक रबी सीजन के दौरान बुवाई को बढ़ावा मिलेगा।

आईसीआरए के अनुसार जुलाई 2025 के दौरान भारत में सामान्य से अधिक वर्षा होगी। पूरे दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के दौरान वार्षा की मात्रा दीर्घाधि औसत (एलपीए) के 106 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।

**जीवीए में 4.5 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद :** फर्म को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन की सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि लगभग 4.5 प्रतिशत होगी। इसके अलावा, वास्तविक ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि जनवरी 2025 के शून्य स्तर से बढ़कर मई 2025 में चार प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे ग्रामीण उपभोग मांग को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

जीवीए यानी सकल मूल्य वर्धन। कृषि जीवीए का मतलब है कि कृषि क्षेत्र द्वारा उत्पादित वस्तुओं (जैसे अनाज, फल, सब्जियां) और सेवाओं (जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन) के कुल मूल्य को दशार्ता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वगीर्कृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने स्टॉमटाटोर का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।

## 03 08 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


सेलेब्रिटी जन्मदिन



सुनील ग्रोवर
अभिनेता



भार्गव शर्मा | मास्टर अभयम | सपना दूबे | वेदांश वशिष्ठ | गिरिराज कुमार



मनोज शर्मा | गंगा प्रसाद दूबे | आमिर खान | अनीश अली



अनुज कुमार | आरिफ शकील चौधरी | दीपांशु | एचएस गुप्ता | हारिस ताज अली



अन्नू पंडित | शोएब सलमानी | विकास सिंह | आकाश शर्मा | रजत गोयल | योगेश वत्स

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बतौर कप्तान इंग्लैंड में चमके शुभमनः गूच का रिकॉर्ड तोड़ा

## टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट टीम की कमान संभालने वाले शुभमन गिल ने मौजूदा इंग्लैंड सीरीज में अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि भारतीय चयनकर्ताओं ने उन पर दांव लगाकर कोई गलती नहीं की है। गिल ने न सिर्फ बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम का नेतृत्व किया, बल्कि विषम परिस्थितियों के बावजूद इंग्लैंड पर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिलहाल भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच जारी है। भारतीय टीम की दूसरी पारी में गिल 11 रन बनाकर आउट हुए जबकि पहली पारी में उन्होंने 21 रन बनाए थे। इसी के साथ गिल ने इंग्लैंड दौरे पर रिकॉर्ड्स की झड़ियां लगा दीं।



### ब्रैडमैन-गूच के क्लब में शामिल शुभमन

भारतीय टेस्ट क्रिकेट के 'शुभ' युग का आगाज हो चुका है। शुभमन गिल ने रोहित शर्मा के द्वारा खाली किए गए स्थान के लिए मजबूत दावेदारी पेश की है। वह इस सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 10 पारियों में 75.4 के औसत से बल्लेबाजी करते हुए 754 रन बनाए हैं। इसमें चार शतक भी शामिल हैं। गिल एक टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ग्राहम गूच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दरअसल, गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ बतौर कप्तान 752 रन बनाए थे। अब गिल ने 754 रन बनाकर उनका रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इस मामले में शीर्ष पर सर, डॉन ब्रैडमैन हैं जिन्होंने 1936/37 में इंग्लैंड के खिलाफ कप्तान रहते हुए 810 रन बनाए थे।

### गिल टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

गिल ने इंग्लैंड दौरे पर चार शतक लगाए जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। वह किसी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में शीर्ष पर सुनील गावस्कर का नाम दर्ज है, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज दौरे पर 774 रन बनाए थे। अब गिल के नाम इंग्लैंड दौरे पर 754 रन दर्ज हो गए। तीसरे स्थान पर भी सुनील गावस्कर का ही नाम है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 732 रन बनाए। चौथे स्थान पर यशस्वी जायसवाल का नाम दर्ज है जिन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 712 रन बनाए थे। पांचवें पायदान पर विराट कोहली का नाम है, जिन्होंने 2014/15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 692 रन बनाए थे।

### सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने वाले विदेशी कप्तान

इस दौरे पर दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विपक्षी टीम के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार किया और रिकॉर्ड्स की झड़ियां लगा दीं। गिल एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले विदेशी कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने गैरी सोबर्स को पीछे छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि गिल ने इंग्लैंड दौरे पर पांच मैचों में की टेस्ट सीरीज में 754 रन बनाए। इससे पहले एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले विदेशी कप्तान गैरी सोबर्स थे, जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर 1966 में 722 रन बनाए थे। इस मामले में तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ हैं, जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड दौरे पर 714 रन बनाए।

# विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख को मिले तीन करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया पुरस्कार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं।

दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।'

उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

# आकाशदीप ने 14 साल बाद किया ये काम तो गंभीर के चेहरे पर आ गई मुस्कान

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आकाशदीप को नाइटवॉचमैन के तौर पर भेजा था। ये इसलिए था क्योंकि ओवर कम बचे थे और टीम अपने किसी मुख्य बल्लेबाज का विकेट खोना नहीं चाहती थी। आम तौर पर हर टीम बचे ओवरों में यही रणनीति अपनाती हैं। आकाशदीप ने विकेट बचाए रखा और भारत को राहत दी।

हालांकि, उन्होंने तीसरे दिन शनिवार को वो काम कर दिया जिसकी उम्मीद नहीं की गई थी। अपनी स्विंग गेंदबाजों के लिए मशहूर आकाशदीप ने बल्ले से कमाल करते हुए टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ बेहतरीन साझेदारी की। उनकी पारी देख कोच गौतम के गंभीर चेहरे पर भी मुस्कान आ गई।



### गिल और जेडजा ने दिया रिएक्शन

इस दौरान टीम के कप्तान गिल और दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने आकाशदीप के अर्धशतक पूरा करने पर जो रिएक्शन दिया वो वायरल हो रहा है। गिल और जडेजा ने पूरी टीम की तरह आकाशदीप के अर्धशतक पूरा होने पर ताली बजाई और फिर हेलमेट उतारने का इशारा किया। उनका कहना था कि आकाशदीप उस तरह से हेलमेट उतारें जिस तरह से शतक बनाने के बाद कोई बल्लेबाज उतारता है।

# मेसी के भारत दौरे का पहला चरण कोलकाता में दिल्ली-मुंबई और अहमदाबाद भी स्वागत को तैयार

**नई दिल्ली।** अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉल प्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनल मेसी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेसी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है।

सूत्र ने कहा, 'सब कुछ तय हो गया है और हमें मेसी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी। अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आएगी।' कार्यक्रम के अनुसार मेसी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रुकेंगे।



कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कॉन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा, 'वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिये टिकट की न्यूनतम दर 3500 रुपए होगी। हमें उम्मीद है कि 68000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेसी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं। मेसी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर शाम 5.30 से जीओएटी कप और कॉन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिए वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि मेसी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं, लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा, 'मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं होगा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा जो उनके सफर का जश्न होगा।'

# डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफ एफसी को 8-1 से रौंदा

**नई दिल्ली।** 134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफ एफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8-1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल किए, जबकि पॉल और जॉबी जस्टिन ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।



### मैच की शुरूआत से दबदबा

आई-लीग 2 की चैंपियन डायमंड हार्बर एफसी ने महज दूसरे मिनट में ही क्लेटन सिल्वा के गोल से खाता खोल दिया। जॉबी जस्टिन के क्रॉस पर उन्होंने सटीक फिनिश करते हुए टीम को शुरूआती बढ़त दिला दी। इसके बाद सातवें मिनट में लुका माजसेन ने बॉक्स में क्लेटन की हलचल का फायदा उठाकर दूसरा गोल दागा। बीएसएफ एफसी की मिडफील्ड और डिफेंस शुरूआत से ही संघर्ष करती दिखी। 35वें मिनट में सिल्वा ने गिरीक के क्रॉस पर वॉली मारकर अपना दूसरा गोल किया। वहीं, चार मिनट बाद माजसेन ने ब्राजीली खिलाड़ी के एक ऊंचे पास पर गोल कर स्कोर को 4-0 कर दिया। बीएसएफ को पहला मौका 43वें मिनट में मिला, जब किशोरी का शॉट गोलकीपर सुसंता मलिक ने रोक लिया। हाफटाइम तक डायमंड हार्बर पूरी तरह हावी दिखा।

### दूसरा हाफ भी रहा एकतरफा

दूसरे हाफ में भी डायमंड हार्बर ने वही तेवर बरकरार रखा। 53वें मिनट में पॉल ने लो ड्राइव शॉट से पांचवां गोल किया। 67वें मिनट में सैमुएल के कॉर्नर पर जॉबी जस्टिन ने हेडर से छठा गोल दागा। इसके बाद 71वें मिनट में सिल्वा ने अपना हैट्रिक पूरा किया, जब बीएसएफ की क्लियरेंस में चूक हुई। बीएसएफ को 90वें मिनट में किशोरी के जरिए सांत्वना मिली, जिन्हें हरमिंदर सिंह ने शानदार पास दिया। लेकिन इंजरी टाइम में सिल्वा ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर न सिर्फ अपना चौथा गोल किया, बल्कि स्कोर को 8-1 पर पहुंचा दिया।

### अंक तालिका में शीर्ष पर

इस बड़ी जीत के साथ डायमंड हार्बर एफसी ग्रुप बी में 6 अंकों और +7 गोल अंतर के साथ पहले स्थान पर पहुंच गया है। उनका अगला और अहम मुकाबला 9 अगस्त को मोहन बागान के खिलाफ होगा।

# मन्नेपल्ली के बाद लक्ष्य भी मकाऊ ओपन से बाहर, दोनों को सेमीफाइनल में मिली हार

**नई दिल्ली।** भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट में अभियान समाप्त हो गया है। लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी । विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए।



दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूनार्मेंट खेला था।2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया। लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही । बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढ़त बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी ।इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए। जस्टिन होह ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए वापसी की। मन्नेपल्ली ने हालांकि फिर बढ़त बनाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी मन्नेपल्ली की गलतियों का सिलसिला जारी रहा और जस्टिन ने 8-6 से बढत बना ली।

मन्नेपल्ली ने 13-13 से वापसी की लेकिन इसके बाद उनके दोनों शॉट बाहर निकल गए। जस्टिन ने 17-14 की बढत बना ली और फिर मन्नेपल्ली की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर चार अंक लेकर गेम अपने नाम किया। निर्णायक गेम में मन्नेपल्ली ने 6-3 की बढत से शुरूआत की, लेकिन जस्टिन ने जल्दी ही बराबरी की । दोनों 9-9 से बराबरी पर थे लेकिन लांग शॉट पर जस्टिन ने दो अंक की बढत बनाई। ब्रेक के बाद उनकी बढत 16-9 की हो गई और आखिर में लांग रिटर्न पर चार मैच प्वाइंट बनाकर उन्होंने मुकाबला जीत लिया।

# नेहरू हॉकी कप...69 साल बाद बालक और बालिका दोनों वर्ग में वाराणसी बना चैंपियन

**नई दिल्ली।** मेजबान झांसी और प्रयागराज मंडल की हॉकी टीम को हराकर वाराणसी ने पहली बार बालक और बालिका दोनों वर्ग की ट्रॉफी अपने नाम की है। इस जीत के साथ वाराणसी मंडल की दोनों टीमों ने नेहरू कप हॉकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व विकास इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने किया।

नेहरू कप प्रादेशिक प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग की टीम ने झांसी मंडल को 5-2 से हराया। यह 69 वर्ष में यह पहली बार हुआ है जब काशी ने नेहरू कप प्रादेशिक का खिताब अपने नाम किया है। प्रादेशिक हॉकी प्रतियोगिता झांसी के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 29 जुलाई से 1 अगस्त तक खेली गई। बालिका वर्ग के अंडर-17 में विकास इंटर कॉलेज वाराणसी की टीम ने प्रयागराज मंडल की चौधरी भीख भवानी इंटर कॉलेज की टीम को 4-1 से हरा दिया। वाराणसी की ओर से सृष्टि पटेल और तनु यादव ने दो-दो गोल किए। अंडर-15 बालक वर्ग में विकास इंटर कॉलेज वाराणसी की टीम ने झांसी मंडल की एलबीएम कॉलेज को 5-2 से हराकर खिताब जीता। इसमें रौनक ने दो गोल किए जबकि अंशु शर्मा, शिवांश पटेल, मोनू गौंड ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किए। दोनों हॉकी टीम कोच इदरीस अहमद की देख-रेख में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी सफलता हासिल कर इतिहास रच डाला।



नेहरू कप के 69 वर्ष के इतिहास में वाराणसी मंडल की टीम ने पहली बार प्रादेशिक मुकाबला जीता है। पहली बार बालक बालिका दोनों वर्ग की टीम राष्ट्रीय मुकाबले में यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह काशी के लिए गर्व का विषय है। - डॉ. एके सिंह अध्यक्ष हॉकी वाराणसी

कला संकाय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभागार में चार दिवसीय क्रिकेट कार्यशाला होगी। महिला वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन और लिट्सा स्पोर्ट्स के सहयोग से क्रिकेट की एबीसीडी राष्ट्रीय कार्यशाला में बीसीसीआई के लेबल टू सर्टिफाइड ट्रेनर अरुण भारद्वाज 5 से 8 अगस्त तक खिलाड़ियों और कोच को प्रशिक्षण देंगे।

उक्त बातें शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. विक्रम सिंह, आयोजन सचिव प्रो. दीपक डोगरा ने संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता में कहीं। इसमें 30 कोच और खिलाड़ियों ने पंजीकरण करा लिया है। इसमें बीसीसीआई से संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों के क्रिकेट प्रशिक्षक, राज्य संघों से संबद्ध जिला संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण और बोर्ड ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी, जिला क्रिकेट खिलाड़ी और क्लब क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।




### कबड्डी का चैंपियन बना हरिबंधु स्कूल

पूर्वी जोन सीबीएसई क्लस्टर-5 बालिका कबड्डी प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। फाइनल मुकाबले में मेजबान हरिबंधु इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल की टीम को हराकर अंडर-19 वर्ग की चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। हरिबंधु स्कूल गौराकला की टीम ने 23-14 के स्कोर से जीत हासिल की। अंडर-14 वर्ग में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल पड़ाव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामदूत इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर को 28-12 से हराया। अंडर-17 वर्ग में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, बाबतपुर ने नवजीवन स्कूल बलिया को 30-14 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

आईआईटी बीएचयू के जिमखाना मैदान पर आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रो. बीएन राय के सर्विस की काट विरोधी टीम के खिलाड़ी नहीं ढूंढ सके और जिमखाना की सीनियर टीम ने कांटे के मुकाबले में युवाओं की टीम को 23-21 से हरा दिया। सीनियर टीम की ओर से आईआईटी बीएचयू के प्रो. बीएन राय टीम की ओर से सर्विस किया। उनकी किलिंग सर्विस को रीसिव करना विरोधी टीम के बेहद कठिन था। पहले पांच सर्व तो सीनियर वर्ग की टीम ने बिना कोई गलती किए जीत लिया।

### 45 पदक जीत विजेता बना वाराणसी मंडल

69वीं माध्यमिक मंडलीय विद्यालयीय तैराकी, डाइविंग और वाटर पोलो प्रतियोगिता शुक्रवार को बरेका स्वीमिंग पूल में आयोजित हुई। इसमें वाराणसी जिले की टीम 45 पदक प्राप्त कर विजेता जबकि गाजीपुर की टीम 4 पदक लेकर उपविजेता बनी। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी प्रादेशिक में खेलने लखनऊ जाएंगे। बंगाली टोला इंटर कॉलेज में खेल प्रशिक्षक और एनसीसी अधिकारी मेजर विमल कुमार राव ने बताया कि प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल के तीन जिलों के करीब 70 बालक और बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

### फुटबॉल लीग में बनारस की बेटियों ने झांसी को 19 गोल से शिकस्त दी

खेल विभाग और फुटबॉल संघ की ओर से समन्वय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली गई। पहले दिन छह मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की टीम ने झांसी मंडल की टीम को 19 गोल के अंतर से करारी शिकस्त दी।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच लखनऊ तथा गोरखपुर मंडल के मध्य खेला गया। खेल के 29वें मिनट में गोरखपुर की श्रीजना ने बायें पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। यह मैच गोरखपुर की टीम ने एक गोल से जीत लिया। वाराणसी टीम ने झांसी को 19-0 से पराजित किया। वाराणसी की ओर से शालिनी वर्मा, मानसी, कोमल, चांदनी ने 4-4 गोल जबकि पार्वती, प्रतिमा और साक्षी ने 1-1 गोल किया।

सुबह के सत्र में आगरा ने विंध्याचल को 6-0 से पराजित किया। मुरादाबाद ने बरेली को 2-1 से हरा दिया। मेरठ ने देवीपाटन मंडल गोंडा 13 गोल से हराया। मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल शुरू कराया।

### जिलास्तरीय शतरंज में 74 ने कराया पंजीकरण

जिलास्तरीय शतरंज टूनार्मेंट ककरमत्ता फलाईओवर के नीचे स्थित टेनिस एकेडमी के इंडोर हॉल में खेली जाएगी। आयोजन सचिव आर्यन वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खेलने के लिए 74 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। यह प्रतियोगिता रविवार दोपहर बालक बालिका और सीनियर वर्ग में खेली जाएगी। छह चक्र की बाजी जीतने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा।

# जे.एम.एस.आई.टी. गाजियाबाद में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जे.एम.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.बी.ए, बी.सी.ए., बी.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस), बी.एस.सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एवं बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक प्रणाली, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और संस्थागत मूल्यों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एन.आर.ई.सी., खुर्जा से सेवानिवृत्त असिस्टेंट प्रोफेसर एवं मोटिवेशनल स्पीकर ए.बी. भटनागर द्वारा किया गया।








संस्थान के चेयरमैन राकेश सिंहल ने कहा, शिक्षा, नैतिकता और समय प्रबंधन की महत्ता पर बल दिया। डॉ. सुभाष गौतम, महानिदेशक, जे.एम.एस. ग्रुप ने इसे भारत के शिक्षाविदों की दूरदर्शिता का परिणाम बताया। संस्थान के महासचिव डॉ. हिमांशु सिंहल ने शिक्षा के सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यापक दृष्टिकोण की और विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया।

प्राचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह क्षण विद्यार्थियों के जीवन में परिवर्तन की शुरूआत है। निदेशक डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास ने छात्रों को तकनीकी दक्षता, निरंतर प्रयास और आत्म-नवीनता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष अंकुर चौधरी ने पीपीटी के माध्यम से संस्थान के पाठ्यक्रमों और इसकी विजन, मिशन व लक्ष्य की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिकाएँ अनमोल कालरा और साक्षी शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया। संस्थान की सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष अनमोल कालरा व उनकी टीम, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा के नेतृत्व में की गई व्यवस्थाओं ने टीमवर्क की उत्कृष्ट मिसाल पेश की और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण व सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

# दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर को बनाने की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू, 55 दुकानों को हिंडन विहार में किया जाएगा शिफ्ट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दूधेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाने के 55 दुकानों को हिंडन विहार में शिफ्ट करने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। योजना पर अमल करने के लिए नगर निगम व प्रशासन की टीम इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। पहले मंदिर के पास की 14 दुकानों को और फिर बाकी 41 दुकानों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हिंडन विहार में 60 दुकानें बनाने के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए डीएम गाजियाबाद के माध्यम से शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

शासन की मंशा पर दूधेश्वरनाथ मंदिर के लिए विशेष कॉरिडोर बनाया जाना है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। कॉरिडोर बन जाने के बाद मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की राह आसान हो जाएगी। सावन माह में सुबह से मंदिर के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन करने व जल चढ़ाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। मंदिर के आसपास ट्रैफिक जाम हो जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शासन ने विशेष कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। कॉरिडोर की जद में आ रही दुकानों को शिफ्ट करने के लिए हिंडन विहार में जगह चिह्नित की गई है।

मालूम हो कि दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर में मंदिर के आसपास के क्षेत्र का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा, ताकि मंदिर तक श्रद्धालुओं का मार्ग सुगम हो और वे आसानी से दर्शन कर सकें। इसमें मुख्य द्वार, यात्री निवास और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है, जो काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर होगा।

# वादे पूरे नहीं करने पर नामी बिल्डरों के ठिकानों पर सीबीआई के छापे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** घर खरीदने की चाह रखने वालों को बडे बडे वादों में उलझाकर उनके साथ ठगी करने वाले एनसीआर के बिल्डरों के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किया है। सीबीआई ने यह एक्शन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया है। सीबीआई ने ऐसे 47 ठीकानों पर छापेमारी की है। शुक्रवार को शुरू की गई छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। इन बिल्डरों के खिलाफ आवंटी सुप्रीम कोर्ट गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को ऐसे बिल्डरों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई ने दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में बिल्डरों के 47 ठिकानों पर छापेमारी कर बिल्डरों सहित अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ 22 केस दर्ज किए हैं। इन बिल्डरों में एनसीआर के कई नामी बिल्डर जैसे जेपी, सुपरटेक, लॉजिक्स, एवीजे आदि शामिल हैं। छापेमारी के दौरान बिल्डरों के ठिकानों से कई जरूरी दस्तावेज और डिजिटल सबूत भी जब्त किए गए हैं। बता दें कि बिल्डरों की ठगी का शिकार होने के बाद ग्राहकों से बैंकों और फाइनेंशियल कंपनियों ने जबरन वसूली की कोशिश की थी, जिससे परेशान होकर हजारों खरीदारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। रियल एस्टेट घोटालों को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2025 में सीबीआई को बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों की मिलीभगत की गहराई से जांच करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने खास तौर पर सबवेंशन स्कीम का गलत इस्तेमाल होने पर चिंता जताई थी। इस योजना में खरीदारों को यह कहकर फुसलाया गया था कि जब तक घर नहीं मिलेगा तब तक ईएमआई नहीं देनी होगी लेकिन इससे कई प्रोजेक्ट अधूरे रह गए और भारी नुकसान हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को 22 एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। उसी को आगे बढ़ाते हुए अब सीबीआई ने यह कदम उठाया है। सीबीआई का कहना है कि अभी आगे की कार्रवाई जारी है।

# मासिक पंचायत में भाकियू ने भरी हुंकार
## मांगें नहीं मानी जाने पर होगा बड़ा आंदोलन


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर तहसील परिसर में भाकियू की पंचायत का आयोजन हुआ। भाकियू जिला अध्यक्ष बिजेंद्र और राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार चौधरी के नेतृत्व में भाकियू पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुना। पंचायत में मुख्य पांच मांगे को रखा गया और आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम को संपूर्ण समाधान दिवस में सौंपा।पंचायत का संचालन तहसील प्रभारी सिंटू गदाना ने किया। किसानों की मुख्य पांच मांगे यह थी।



1. गन्ने का व्याज शीत भुगतान जल्द से जल्द कराया
2. बिजली के जर्जर तारों को तत्काल बदलवाया जाए
3. खंजरपुर, गदाना में रजवाहे में टैल तक पानी पहुंचाया जाये।
4. खेतों में आवारा पशुओं द्वारा किसान का नुकसान हो रहा है, जिससे निजात दिलाई जाई
5. दिल्ली झ मेरठ रोड अंडरपास भोजपुर से कलछीना गांव तक सार्विस रोड दी जाये और साथ झ साथ नाली, चकरोड भी ठीक कराई जाए।

इस मौके पर यह भाकियू पदाधिकारी रहे मौजूद : चौधरी ओमपाल सिंह, रामकुमार चौधरी, ब्रह्मपाल सिंह,यशवीर सिंह,महेश यादव, युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी, रामावतार त्यागी, कुलदीप त्यागी, पवन चौधरी (लाला राम बापू ) अंसार अहमद, बिल्लू चौधरी, जबर सिंह, चमन सिंह, सेंसरपाल राठी, शिवम, जावेद, सतपाल, जाहिर, मुस्तफा, उपेंद्र सिंह, अरुण कसाना, पिंटू (अमराला), मंगल (फजलगढ़), जंग बहादुर, गौतम चौधरी,शिवम चौधरी,राहुल चौधरी,शेखर तोमर,रोहित सहलौत,गौरव कुमार, सौरभ पंवार, कृष्ण त्यागी, अंकित सैन, गौरव कुमार, पवन कुमार, सचिन शर्मा आदि सैकड़ों भाकियू पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में अलंकरण समारोह व प्रशंसा दिवस का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पं. दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर गाजियाबाद में सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल का अलंकरण समारोह व प्रशंसा दिवस मनाया गया । मुख्य अतिथि का स्वागत करने के पश्चात विद्यालय की डायरेक्टर महोदया विभा रावत, प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी व मुख्य अतिथि डॉ. के. पी. सिन्हा फाउंडर कम डायरेक्टर ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अलंकरण समारोह मनाया गया जिसके अंतर्गत विद्यालय के प्राइमरी विंग में हैड बॉय योजित सिंह व हेड गर्ल एशनी अग्रहरि को चुना गया। सीनियर विंग में हेड बॉय अर्णव व हेड गर्ल मौली कँवल को चुना गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ व सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# गाजियाबाद में बच्चा चोरी के शक में दो पक्षों में भिड़ंत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर थाना क्षेत्र के आबिद मानकीपुर गांव में बच्चा चोरी के शक को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। यह विवाद उस वक्त शुरू हुआ जब एक महिला ने गांव में आए एक युवक पर उसके बच्चे को अगवा करने का आरोप लगाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, महिला एक छोटे बच्चे के साथ कहीं जा रही थी। उसी दौरान उसने गांव में ही मौजूद एक व्यक्ति पर अपहरण की कोशिश का आरोप लगाया। बताया जा रहा है। कि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया, वह मानसिक रूप से मंदबुद्धि है और गांव में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। महिला की बात सुनते ही गांव के दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद मारपीट में बदल गया। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस भी हरकत में आ गई है। दोनों पक्ष मुस्लिम समुदाय से हैं, और घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।



# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को रोटरी गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट एवं जेकेजी रोटरेक्ट क्लब के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अभिभावको के साथ क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर वरदान अस्पताल, वर्ल्ड बैंक एवं मेमोग्रॉफी टेस्ट रोटरी डिस्ट्रिक के सहयोग से लगाया गया। रक्तदान शिविर व मेमोग्रॉफी टेस्ट का उदघाटन मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अभिषेक जिंदल, पी. डी. जी. रोटेरियन अशोक अग्रवाल, प्रेसिडेंट क्लब ऑफ गजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट रोटेरियन अरुणा अग्रवाल और प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन वरुण गौड़ एवं पीडीजी रोटेरियन जेके गौड़ ने सयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अभिषेक जिंदल ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है। डायरेक्टर डॉ करूण कुमार गौड़ ने कहा कि रक्त के अभाव में हर वर्ष लाखों-करोडों लोग असमय ही काल के मुंह में चले जाते हैं। प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने कहा कि जेकजी इंटरनेशनल स्कूल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहा है। इसी के चलते स्कूल बच्चों को शिक्षित व संस्कारित करने के अलावा स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में भी बढ-चढकर भाग ले रहा है। विद्यालय के निदेशक डॉ. करुण गौड़ और प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।






# गाजियाबाद टेंट एवं बैंक्वेट एसोसिएशन ने सांसद अतुल गर्ग को सौंपा मांग पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद टेंट एंड बैंक्वेट एसोसिएशन के अध्यक्ष व प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चावला के नेतृत्व में टेंट व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग से टेंट और बैंक्वेट के क्षेत्र की परेशानी व समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर व्यापारियों ने सांसद अतुल गर्ग को एक मांग पत्र भी सौंपा। सांसद अतुल गर्ग ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वे इस मुददे पर वित्तमंत्री से बात करेंगे।





प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अशोक चावला, महामंत्री मुकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष विवेक मोहन, सह- कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रमशः के.एल. बहल, अशोक आजमानी, अशोक बाठला, उपाध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह, उपाध्यक्ष अतुल सिंघल आदि शामिल रहे।




# जल्द शुरू होगा थानों में बड़ा खाना

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए लगातार बड़े साहब नए प्रयास, आयोजन और योजनाएं शुरु करने पर जोर दे रहे हैं। जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को पहले से ज्यादा मजबूत, सशक्त और प्रभावशाली बनाने के लिए कई नई परंपराएं शुरू की गई हैं। तो वहीं पुलिसकर्मियों में अनुशासन बढ़ाने और उन्हें पुलिस कर्मियों से जोड़ने के लिए जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी से लेकर देहात और नदिया पार वाले जोन के थानों में बड़े खाने का आयोजन शुरू किया जाएगा। बीते दिनों को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन के एक सबसे अटेंशन और टेंशन वाले थाने में एक टू-स्टार की सेवानिवृत्ति होने पर दावत का आयोजन किया गया था। इस बड़े खाने के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई अधिकारी और प्रभारी उपस्थित हुए। अब पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बड़े साहब द्वारा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सभी जोन के डीसीपी और उनके एसएचओ के लिए कहा गया है कि जल्द से जल्द वह अपने थानों में बड़े खाने का आयोजन करें। इन बड़े खाने के आयोजन का मकसद पुलिस कर्मियों में आपसी तालमेल, संवाद और अनुशासन के साथ-साथ एक दूसरे से परस्पर मिलाप और पुलिस की पारंपरिक व्यवस्था को चालू रखना बताया जा रहा है। उधर सूत्रों के जरिये सुनने में आ रहा है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के किसी थाने में बड़े खाने का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिकारियों से लेकर कर्मचारी एक साथ भोजन करते हुए नजर आएंगे। तो इसके फोटो भी सार्वजनिक किय जांएगे। उधर बता दें कि इससे पहले कमिश्नरेट से सटे एक जिले के डीआईजी और उनके अधिकारियों का बड़े खाने में भोजन परोसते हुए का फोटो भी सामने आया था। बताया जा रहा है इस तरीके के आयोजन पुलिस में लंबे समय से होते रहे हैं लेकिन बीते लंबे समय से पुलिस कमिश्नरेट में ऐसे आयोजन नहीं हो पा रहे थे। अंतिम बड़े खाने का बड़ा आयोजन पुलिस लाइन में हुआ था। उसके बाद से यह बंद चल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बड़े खाने का आयोजन शुरू होने के बाद कई थाना प्रभारियों के बीच और सर्किल वाले अधिकारियों में खाने के मैन्यू को लेकर भी चैलेंज शुरू हो सकता है। इसी चर्चा पुलिस कर्मियों के बीच सुनाई दे रही है।



# जिंदगी की जंग जीतने वाले बच्चे का नाम रखा गया 'वीर'
## कूड़ेदान में मिला और अब डॉक्टर-स्टाफ का चहेता बना

**गाजियाबाद करंट क्राइम:** मानवता को झकझोर देने वाली घटना में 13 जुलाई को लोनी के ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के कूड़ेदान में एक 8 दिन का नवजात मिला था। बच्चे को तुरंत इलाज के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एनबीसीयू) में उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल स्टाफ ने उस बच्चे का नाम 'वीर' रखा है और अब सभी डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी उसे इसी नाम से पुकारते हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले बच्चे की छठी भी अस्पताल में ही की गई थी।

ट्रोनिका सिटी के कूड़ेदान में यह बच्चा लोनी पुलिस को मिला था। इसके बाद बच्चे को लोनी के 50 बेड के सीएससी सेंटर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों मे बताया कि वह प्रीमेच्योर पैदा हुआ है। इसके बाद से ही बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसे 19 दिन हो गए हैं। बच्चे का उस समय वजन भी मात्र 1600 ग्राम था। अस्पताल में भर्ती होने के बाद से ही डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने बच्चे की विशेष देखभाल शुरू कर दी थी। समय पर दूध पिलाना, साफ-सफाई और नियमित चिकित्सा जांच से उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। ऐसे में अब बच्चे का वजन बढ़कर 1750 ग्राम हो गया है।



अस्पताल में बच्चे के साथ डॉक्टर और स्टाफ

### ममता की मिसाल बने अस्पतालकर्मी

बच्चे को कूड़ेदान में छोड़ने वाले मां-बाप ने भले ही उसे अपनाने से इनकार कर दिया हो, लेकिन अस्पताल में उसे भरपूर ममता और देखभाल मिल रही है। डॉक्टर से लेकर सफाईकर्मी तक सभी 'वीर' को अपने बच्चे की तरह प्यार कर रहे हैं। अस्पताल स्टाफ के अनुसार, बच्चे की स्थिति स्थिर है और वह जल्द ही सामान्य जीवन जीने की स्थिति में आ जाएगा।

### स्टॉफ का चहेता बना गया वीर

शुक्रवार को ड्यूटी पर तैनात डॉ. जितेंद्र और डॉ. चारु ने बताया कि बच्चा थोड़ा भी रोता है तो कोई न कोई स्टॉफ कर्मचारी गोदी में लेकर खिलाने लगता है। ऐसे में वीर वॉर्ड के सभी कर्मचारियों का आंखों का तारा बना हुआ है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चारु ने बताया कि वीर शुरू में बेहद कमजोर था, लेकिन उसकी जिजीविषा और हमारी टीम की मेहनत ने उसे नई जिंदगी दी है। हम सब उसे बहुत प्यार करते हैं। अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर अल्का ने बताया कि बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को भी इस मामले की जानकारी दी है। बच्चे के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे गोद लेने की प्रक्रिया के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की जा सकती है। कई लोग पहले ही वीर को गोद लेने की इच्छा जता चुके हैं, लेकिन अगले 20 दिन तक वीर को अस्पताल में रखा जाएगा।

## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति
करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अवयम के नाना अजय गुप्ता और नानी रमा गुप्ता ने जन्मदिन पर उनके लिए विशेष शब्द लिखे। उन्होंने लिखा कि खुशनसीब होते हैं घर के बुजुर्ग लोग, जब उनके आंगन में अपनी नटखट और चंचल अदाओं से,उनके नातिन और पोते मनमोह लेते हैं,और हमारे जीवन में रंग भर देते हैं, समय का पता ही नहीं चलता, आज मेरे नातिन मास्टर अवयम, पुत्र अपूर्वा अग्रवाल, और शिवम अग्रवाल, के बालस्य जीवन के 6 साल पूरे होने पर, उसके जन्मदिन पर हम दिल से दुआ, और प्यार भरा आशीर्वाद, और शुभकामनाएं देते हैं। नाना नानी के प्यार और परिवार के संस्कार का संदेश अपने आप में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजा में भुखमरी और हिंसा की दोहरी मार

## भूख मिटाने गए लोगों पर इस्राइल ने बरसाई गोलियां

**गाजा पट्टी ।** वितरण केंद्र के वितरण स्थल के पास सहायता मांगने आए याहिया यूसुफ ने बताया कि उन्होंने तीन लोगों को गोली लगने के बाद बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि यह अब रोज की कहानी बन गई है। हर दिन यहां खून और लाशें दिखती हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति आबेद सलाह ने कहा कि वे सैनिकों के पास भी नहीं गए थे, फिर भी उन पर फायरिंग हुई।

वितरण केंद्रों ने किया इस्राइल का बचाव गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनके साइट के पास ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इस्राइल की सेना का भी दावा है कि उन्होंने केवल चेतावनी स्वरूप फायरिंग की। लेकिन संयुक्त



### 18 की मौत

राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 27 मई से 31 जुलाई तक गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन केंद्रों के पास 859 लोग मारे

**गाजा में मानवीय संकट अब और भयावह हो गया है। शनिवार को इस्राइली फायरिंग में कम से कम 18 फिलीस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें आठ लोग केवल भोजन लेने के लिए मदद केंद्र पर पहुंचे थे। यह गोलीबारी उस समय हुई जब लोग गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास खाद्य सहायता पाने के लिए जुटे थे**

गए और सैकड़ों अन्य खाद्य काफिलों के रास्तों में जान गंवा चुके हैं।

हवाई हमलों में परिवार तबाह वहीं, शनिवार को इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 10 अन्य लोगों की मौत हुई, जिनमें एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल थे। यह हमला देइर अल-बलाह और जवादिया के बीच एक घर पर हुआ, जिसमें दो माता-पिता और उनके तीन बच्चे मारे गए। इसके साथ ही खान यूनिस के पास एक टेंट पर हमला कर मां-बेटी को भी मौत के घाट उतार दिया गया बंधकों की रिहाई के लिए प्रदर्शन दूसरी ओर, तेल अवीव में बंधकों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से अपील की कि वे युद्ध खत्म कर बंधकों को वापस लाएं। अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ ने भी इन परिवारों से मुलाकात की और कहा कि अमेरिका अब नए रास्ते तलाश रहा है।

# पाकिस्तान में पटरी से उतरी एक्सप्रेस ट्रेन, 29 घायल, काला शाह काकू के पास हुआ हादसा



**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रेल हादसा होने के बाद कई यात्री घायल हो गए। शेखूपुरा जिले के काला शाह काकू क्षेत्र में इस्लामाबाद एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में कम से कम 29 यात्री घायल हुए। हादसा एक रासायनिक संयंत्र के पास हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया। पंजाब रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद ने बताया कि शुक्रवार को शाम लगभग 7:32 बजे रेल हादसे की सूचना मिली। पंजाब रेस्क्यू 1122 कंट्रोल रूम में रेल के बेपटरी होने के बाद छह आपातकालीन वाहनों और 25 राहतकर्मियों को मौके पर भेजा गया।

# अमेरिका के मोंटाना में बार में हुई गोलीबारी, चार की मौत



**मोंटाना ।** अमेरिका के मोंटाना से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मोंटाना के अनाकोंडा इलाके में एक बार पर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की है। साथ ही पुलिस अभी संदिग्ध की तलाश कर रही है। ग्रेनाइट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि आरोपी की जगह पर एसडब्ल्यूएटी टीम ने छापा मारा लेकिन वह अब भी फरार है। गोलीबारी के कारण और घायल लोगों की स्थिति के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। वहीं मोंटाना क्षेत्र को कवर करने वाली एफबीआई की साल्ट लेक सिटी शाखा पुलिस की जांच में मदद कर रही है, लेकिन इस मामले से जुड़ी सभी पूछताछ स्थानीय अधिकारियों को सौंप दी गई है। फिलहाल गोलीबारी की वजह और घायल हुए अन्य लोगों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# एपिक गेम्स के खिलाफ केस में गूगल को बड़ा झटका



**सान फ्रांसिस्को ।** दिग्गज प्रौद्योगिकी व सर्च इंजन कंपनी गूगल ने फोर्टनाइट निमार्ता के साथ अविश्वास प्रस्ताव की लड़ाई में अपनी अपील खो दी है। एक संघीय अपील न्यायालय ने ज्यूरी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें गूगल के एंड्रॉयड एप स्टोर को अवैध एकाधिकार करार दिया गया। इस फैसले से संघीय न्यायाधीश के लिए उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प देने के उद्देश्य से विघटनकारी बदलाव लागू करने का रास्ता अब साफ हो गया है। नौवीं सर्किट अपील कोर्ट द्वारा जारी सर्वसम्मत फैसला गूगल के लिए दोहरा कानूनी झटका है, जिसे 3 एंटीट्रस्ट (भ्रष्टाचार-रोधी) केस में रोका गया। इसके परिणामस्वरूप 2023 के अंत से उसके इंटरनेट साम्राज्य के विभिन्न स्तंभों को दबंग और कानून तोड़ने वाले एकाधिकार घोषित किया गया। गूगल की यह नाकाम अपील वीडियो गेम निमार्ता एपिक गेम्स के लिए एक बड़ी जीत हैं।

# कमला हैरिस का बड़ा ऐलान: कैलिफोर्निया गर्वनर चुनाव से बनाई दूरी, कहा- टूटी राजनीतिक व्यवस्था में नहीं लौटूंगी

**अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति और भारतवंशी कमला हैरिस ने अगले साल कैलिफोर्निया के गर्वनर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। कमला ने कहा कि अमेरिका की राजनीतिक व्यवस्था टूट चुकी है और वह इतना मजबूत नहीं हैं कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कर सकें। इसलिए वह फिलहाल किसी निर्वाचित पद पर नहीं रहेंगी, बल्कि लोगों से मिलेंगी और उनकी बातें सुनेंगी**



**वॉशिंगटन ।** हालांकि, उन्होंने 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पर कुछ नहीं कहा है। पिछले साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हारने के बाद अपने पहले साक्षात्कार में हैरिस ने कहा कि वह सार्वजनिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, क्योंकि व्यवस्था टूटी हुई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान उन लोगों ने आत्मसमर्पण कर दिया है जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा करने की बात कही थी।

उन्होंने कहा जब वह युवा थीं तो उनका मानना था कि व्यवस्था का हिससा बनकर ही बदलवाव किया जा सकता है। लेकिन हाल में मैंने फैसला लिया है कि अभी इस व्यवस्था में वापस नहीं जाउंगी। मुझे लगता है कि यह व्यवस्था टूट चुकी है। इसके साथ ही पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने शिक्षा विभाग को छोटा करने के ट्रंप के प्रयासों के रास्ते में खड़े न होने के लिए कांग्रेस की विशेष रूप से आलोचना की, और कहा कि वे बस हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

**अमेरिका के लिए ये काले दिन बाइडन**: राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर निशाना साधते हुए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका के लिए ये काले दिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप प्रशासन कांग्रेस में अपनी बहुमत और सुप्रीम कोर्ट की मदद से देश के संविधान को खत्म करने की पूरी कोशिश कर रहा है। शिकागो में नेशनल बार एसोसिएशन की 100वीं वर्षगांठ पर बाइडन ने कहा, हमारा भविष्य सचमुच दांव पर है। हमारे जीवन में कई बार कठोर सच्चाइयों का सामना करने वाले क्षण आते हैं।

# फेडरल रिजर्व की गवर्नर एड्रियाना कुगलर देंगी इस्तीफा, ट्रंप को मिलेगा नया नियुक्ति का मौका



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की गवर्नर एड्रियाना कुगलर ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह आठ अगस्त को अपने पद से इस्तीफा देंगी। इस फैसले से फेड की ताकतवर बोर्ड में एक सीट खाली होगी, जिसे अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भर सकेंगे। कुगलर को सितंबर 2023 में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नियुक्त किया था। वह फेड की पहली हिस्पैनिक महिला गवर्नर थीं।

इस्तीफे के पीछे उन्होंने कोई कारण नहीं बताया, लेकिन उन्होंने अपनी चिट्ठी में लिखा कि उन्होंने इस भूमिका को पूरी ईमानदारी और डेटा-आधारित दृष्टिकोण के साथ निभाया। बता दें कि कुगलर ने अपनी आखिरी सार्वजनिक टिप्पणी में फेड चेयर जेरोम पॉवेल के उस रुख का समर्थन किया था कि मौजूदा ब्याज दरें फिलहाल स्थिर रखी जाएं, ताकि ट्रंप की व्यापारिक नीतियों का असर समझा जा सके।

ट्रंप और पॉवेल के बीच तनाव बीते कई दिनों से फेड के प्रमुख जेरोम पॉवेल और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच तनाव की कई सारी खबरें सामने आती रही है। हाल ही की बात करें तो ट्रंप ने शुक्रवार को ही पॉवेल को जिद्दी मूर्ख बताते हुए ब्याज दरों में तुरंत कटौती की मांग की। उन्होंने फेड पर बार-बार दबाव बनाया है कि वह उनकी नीतियों के अनुसार काम करे।

ऐसे में अब माना जा रहा है कि ट्रंप कुगलर की खाली सीट पर ऐसा व्यक्ति नियुक्त कर सकते हैं, जिसे वे 2026 में पॉवेल की जगह फेड चेयर बनाना चाहें। पॉवेल का चेयरमैन का कार्यकाल मई 2026 में खत्म होगा, लेकिन वे चाहें तो 2028 तक बतौर गवर्नर बोर्ड में बने रह सकते हैं। फेड के इतिहास में ऐसा उदाहरण पहले भी रहा है, जब मैरिनर एक्ल्स चेयरमैन पद से हटने के बाद भी बोर्ड में बने रहे थे। इस घटनाक्रम से फेड के भविष्य को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं, खासकर जब ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बन चुके हैं।

# 30 साल पहले फ्रीज किए गए भ्रूण से जन्मा स्वस्थ बच्चा

## अमेरिका में मेडिकल साइंस ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड



**ओहायो ।** अमेरिका के ओहायो राज्य में एक बेहद खास बच्चे का जन्म हुआ है, जो करीब 30 साल से भी ज्यादा समय तक फ्रीज किए गए भ्रूण से विकसित हुआ है। यह अब तक का सबसे लंबे समय तक फ्रीज रखा गया भ्रूण है, जिससे किसी बच्चे ने जन्म लिया है। इस बच्चे के जन्म से एक अनोखा रिकॉर्ड बना है। यह बच्चा लिंडसे और टिम पियर्स नाम के दंपती को मिला है, जो कई वर्षों से संतान की इच्छा रखते थे लेकिन उन्हें संतान नहीं हो रही थी। उन्होंने ह्यएंब्रियो अडॉप्शनह्न यानी भ्रूण को गोद लेने का रास्ता अपनाया। उन्हें जो भ्रूण मिला, वह 1994 से फ्रीज करके रखा गया था। भ्रूण दान करने वाली मां की भावुक कहानी बता दें कि इस भ्रूण को लिंडा आर्चर्ड नाम की महिला ने 30 साल पहले आईवीएफ के जरिए बनवाया था। उस समय उन्हें उम्मीद थी कि वे इन भ्रूणों से और बच्चे करेंगी, लेकिन बेटी के जन्म के बाद उनका तलाक हो गया और वे आगे परिवार नहीं बढ़ा सकीं। धीरे-धीरे साल बीतते गए और भ्रूण को लेकर उनका मन बेचैन रहने लगा। आखिरकार उन्होंने स्नोफ्लेक्स नाम की संस्था से संपर्क किया, जो ऐसे भ्रूण जरूरतमंद परिवारों को दिलवाने में मदद करती है। लिंडा चाहती थीं कि उनके भ्रूणों को एक अच्छा घर मिले और वे उस बच्चे की जिंदगी से जुड़ी भी रहें। एक भ्रूण ने थामा जिंदगी का दामन तीन भ्रूणों में से एक फ्रीजिंग से नहीं बच सका, जबकि दो भ्रूण लिंडसे के गर्भ में ट्रांसफर किए गए। उनमें से एक भ्रूण सफलतापूर्वक गर्भ में विकसित हुआ और शनिवार को एक स्वस्थ बेटे का जन्म हुआ। मामले में डॉक्टर जॉन डेविड गॉर्डन का कहना है। कि यह अब तक का सबसे लंबी अवधि तक स्टोर किया गया भ्रूण है जिससे जीवित जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ चमत्कार नहीं, एक सोचने वाली बात भी है कि इतने लाखों भ्रूण लैब्स में क्यों रखे हैं और उनका क्या भविष्य है।

### वर्षों से बच्चे की चाह रखने वाले दंपत्ती क्या बोले

वहीं इस खुशखबरी को लेकर लिंडसे और टिम ने कहा कि हम किसी रिकॉर्ड के लिए नहीं गए थे, बस हमें एक बच्चा चाहिए था। वहीं लिंडा आर्चर्ड का कहना है कि उन्हें बहुत सुकून है कि उनके ह्यछोटे से जीवनह्न को एक परिवार मिल गया। साथ ही भावुक अंदाज में उन्होंने आगे कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि वे मुझे उसकी तस्वीरें भेजेंगे और शायद एक दिन मिलूंगी भी।

# चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आईएसएस पर पहुंचा

## स्पेसएक्स 15 घंटे में पूरा किया सफर, छह महीने बिताएंगे



**नासा ।** अंतरिक्ष स्टेशन पर गए चार अमेरिकी, रूसी और जापानी अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर छह महीने बिताएंगे और परिक्रमा करेंगे। इसके अलावा स्पेसएक्स आईएसएस में पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर बुधवार तक वापस आएगा।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नासा के जेना कार्डमैन और माइक फिन्के, जापान के किमिया युई और रूस के ओलेग प्लाटोनोव गए हैं। जैसे ही कैप्सूल ने दक्षिण प्रशांत महासागर के ऊपर डॉक किया तो फिन्के ने रेडियो पर कहा कि हैलो, अंतरिक्ष स्टेशन। अब अंतरिक्ष स्टेशन पर यात्रियों की कुल संख्या अस्थायी रूप से 11 हो गई। उनका स्वागत करने वाले अंतरिक्ष यात्रियों ने उनके लिए ठंडे पेय और गर्म भोजन की व्यवस्था की थी।

बता दें कि जेना कार्डमैन और एक अन्य अंतरिक्ष यात्री को पिछले साल स्पेसएक्स की एक उड़ान से नासा ने भेजा था। जब बोइंग स्टारलाइनर परीक्षण के लिए पायलट बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को भेजा गया तो कार्डमैन को वापस बुला लिया गया था। वहीं माइक फिन्के और किमिया युई को पहले स्टारलाइनर मिशन के लिए प्रशिक्षण लेने जाना था। लेकिन थ्रस्टर और अन्य समस्याओं के कारण स्टारलाइनर के 2026 तक उड़ान भरने के बाद दोनों स्पेसएक्स में चले गए। वहीं कुछ साज्ल पहले अज्ञात बीमारी के कारण प्लाटोनोव को सोयुज प्रक्षेपण दल से हटा दिया गया था।

286 दिन बाद लौटीं थीं सुनीता विलियमसपिछले साल पांच जून को बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में खराबी आने के बाद सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर अंतरिक्ष में फंस गए थे। 18 मार्च को 286 दिन बाद उनकी पृथ्वी पर वापसी हुई। यह मिशन सिर्फ आठ दिन का ही था, लेकिन हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण उनकी वापसी नहीं पाई। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को एलन मस्क की कंपनी स्त्रीं के ड्रैगन क्रू कैप्सूल से वापस लाया गया था।

**स्पेसएक्स कैप्सूल शनिवार को चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचा। नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के बाद से लेकर स्टेशन तक पहुंचने में कैप्सूल ने 15 घंटे का समय लिया**

ड्रैगन कैप्सूल स्त्रीं का ड्रैगन क्रू कैप्सूल को बनने के बाद से 46 बार लॉन्च किया जा चुका है। ड्रैगन क्रू कैप्सूल 42 बार अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा कर चुका है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक बार रीफ्लाइट हुई है। इसमें एक बार में सात अंतरिक्ष यात्री बैठ सकते हैं। दुनिया का यह पहला निजी अंतरिक्ष यान है, जो लगातार अंतरिक्ष स्टेशन पर एस्ट्रोनॉट्स और कार्गो लेकर आता-जाता है। आमतौर पर इसमें दो से चार अंतरिक्ष यात्री बैठते हैं। आपात स्थिति में सात यात्री बैठ सकते हैं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मोर्टार विस्फोट कई बच्चों की मौत

## 12 से ज्यादा लोग घायल

**पेशावर ।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुराने मोर्टार शेल के फटने से पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि इस घटना में 12 अन्य घायल हो गए हैं।

### बच्चों के खेलने के दौरान हुआ धमाका

यह घटना लक्की मरवत जिले में हुई जब बच्चों के एक समूह को पहाड़ियों में एक मोर्टार शेल मिला जो फटा नहीं था और वे उसे अपने गांव ले आए। पुलिस के अनुसार, जब वे उससे खेल रहे थे, तब उसमें विस्फोट हो गया, उन्हें पता ही नहीं था कि यह एक बम है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में पांच बच्चों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए।



### ज्यादातर बच्चे घायल, कई की हालत गंभीर

अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मृतकों और घायलों को पास के सिटी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के प्रवक्ता के अनुसार, घायल हुए 12 लोगों में से ज्यादातर बच्चे हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। इस घटना से निवासियों में दहशत फैल गई है।

## जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# कुल 154 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 10 का निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

### हर शिकायत का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएं : ऋषिकेश भास्कर यशोद

सदर तहसील : मेरठ मण्डलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। मण्डलायुक्त महोदय श्री ऋषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि हर शिकायत का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, डीडीओ प्रज्ञा सिंह, एसडीएम अरूण दीक्षित, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोदीनगर तहसील : एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 45 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोनी तहसील : उपजिलाधिकारी राजेन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 154 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## विकास खंड मुरादनगर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान उत्सव दिवस सकुशल सम्पन्न

## 52000 कृषकों को लगभग 10 करोड़ रुपए की धनराशि उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान उत्सव दिवस के आयोजन का सभी विकास खण्ड परिसर, सहकारी समितियाँ, कृषक उत्पादक संगठन, किसान समृद्धि केन्द्रों पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाराणसी से प्रधानमंत्री द्वारा किया गया, जिसके द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का हस्तान्तरण कृषकों के बैंक खाते में किया गया, जिसका लाइव प्रसारण ग्राम पंचायत, विकास खण्ड, उर्वरक विक्रेता एवं स्वयं सहायता समूह, सहकारी समितियों पर दिखाया गया।

गाजियाबाद में उत्सव का जनपद स्तरीय कार्यक्रम कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मुरादनगर के परिसर में किया गया तथा अन्य विकास खण्ड कार्यालयों यथा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रजापुर, लोनी एवं भोजपुर में भी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की प्रगतिशील कृषकों को बाजरा, ज्वार, रागी के मिनीकिट तथा साथ में ट्राइकोड्रमा वितरित

इस अवसर पर नरेन्द्र कश्यप मन्त्री स्वतन्त्र प्रभार पिछड़ा वर्ग उ०प्र० शासन द्वारा प्रगतिशील कृषकों को बाजरा, ज्वार, रागी के मिनीकिट तथा साथ में ट्राइकोड्रमा वितरित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद में लगभग 150 स्थानों पर प्रसारित कर कृषकों को दिखाया गया। कार्यक्रम में राजीव त्यागी ब्लाक प्रमुख मुरादनगर, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पंकज भारद्वाज महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा, अरविन्द भारतीय पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, मास्टर सुरेन्द्र त्यागी जिला महामंत्री किसान मोर्चा, राम जतन मिश्र उप कृषि निदेशक, एस०पी० पाण्डे परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, विकास कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी सहित लगभग 500 कृषक विकास खण्ड मुरादनगर परिसर में उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार किसानों की हितैषी, किसानों के हित में निरंतर प्रयासरतः नरेन्द्र कश्यप

मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि भाजपा सरकार किसानों की हितेषी है वह विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों के हित के विषय में लगातार कार्य करती रहती है। प्रत्येक किसान को सम्पन्न व खुशहाल बनाने हेतु भाजपा सरकार सकंल्पबद्ध है। उन्होने कहा कि कार्यक्रम के मद्देनजर जनपद में 52000 कृषकों को लगभग 10 करोड़ रुपए की धनराशि उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित की गयी। इस प्रकार अभी तक कुल 200 करोड़ रुपए जनपद के कृषकों को डी०बी०टी० के माध्यम से उनके खाते में हस्तान्तरित की गयी।

# यूपीसीडा की पहल : सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक कदम






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मेरठ रोड साइट-3 में औद्योगिक स्वच्छता और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक कार्य कराए जा रहे हैं।


इस क्रम में 1.49 करोड़ रुपए की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) का कार्य कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत क्षेत्र में प्रतिदिन कूड़ा उठाव, निस्तारण तथा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, 23.94 लाख रुपए की लागत से नालियों की सफाई का कार्य 90% पूर्ण कराया जा चुका है ताकि जल निकासी व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सके। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक क्षेत्र की सड़क अवस्थापना को और बेहतर बनाने हेतु 1.18 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। साथ ही, 1.26 करोड़ रुपए की लागत से वार्षिक अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित किया गया है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र की रख रखाव एवं दीर्घकालिक मरम्मत सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

ये सभी कार्य मयूर महेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा के नेतृत्व में कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं निवेशकों के अनुकूल बनाना है। यूपीसीडा की यह पहल औद्योगिक इकाइयों, श्रमिकों एवं उद्यमियों को एक आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# इंदिरापुरम में युवती भगाने के मामले में आया नया मोड, युवती ने कई भाजपा नेताओं पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अभय खंड में दोबारा युवती को भगा ले जाने के मामले में शनिवार को नया मोड आ गया। युवती ने वीडियो जारी कर कहा कि वह अपनी मर्जी से अकबर के साथ गई थी। दोनों ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी कर ली। बता दें 29 साल के अकबर पर 25 साल की युवती सोनिका चौहान को दोबारा भगा ले जाने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को अकबर को गिरफ्तार कर लिया है। अब युवती ने वीडियो जारी कर अकबर को बकसूर बताया। दो महीने पहले भी युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अकबर को गिरफ्तार कर उसके घर से सोनिका को बरामद किया था। उस समय स्थानीय लोगों ने अकबर की दुकान पर जमकर हंगामा किया था। अकबर सेवा केंद्र चलाता है, जहां आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि बनाया जाता है। इस मामले में सोनिका ने वीडियो जारी कर कहा कि वह अपनी मर्जी से घर छोडकर अकबर के पास गई थी। पिछले दो महीने से मेरे माता पिता व कॉलोनी के अन्य लोग जिनमें मीना भंडारी, हरीश कराकोटी, कपिल त्यागी मामा विक्रम रावत और चाचा जगदीश सिंह चौहान शामिल है, वे मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित कर रहे है। वे चाहते है कि मैं कोर्ट में अकबर के खिलाफ बयान दूं और अकबर को गंभीर धाराओं में जेल भेज दूं। सोनिका ने कहा कि उन्होंने और अकबर ने अगस्त 2022 में दिल्ली के एसडीएम कोर्ट में विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी कर ली है।



### युवती ने वीडियो जारी कर कहा कि वह अपनी मर्जी से अकबर के साथ गई थी। दोनों ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी कर ली।

## भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने किया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को कन्या वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज, गाजियाबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं महापौर सुनीता दयाल।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, वृक्ष संरक्षण एवं अन्य समसामयिक विषयों पर मनमोहक एवं सुव्यवस्थित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से की गई। प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सावरिया ने विद्यालय की गतिविधियों और फाउंडेशन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए डॉ. विनय मित्तल ने संगठन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा- हम समाज की आवाज उठाते हैं, समाज के उत्थान के लिए कार्य करते हैं, और समुदाय के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आयोजन स्थल उपलब्ध कराने हेतु धन्यवाद दिया और छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की। महापौर सुनीता दयाल ने विद्यालय के साथ अपनी छात्र जीवन की मधुर स्मृतियाँ साझा कीं तथा संगठन द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कॉलेज परिसर के बाहर सफाई व्यवस्था में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी दिया। विद्यालय प्रबंधन ने महापौर से कॉलेज पर लगने वाले कर में रियायत और बाहरी परिसर की सफाई व्यवस्था में नगर निगम के सहयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से अखिलेन्द्र गर्ग- राष्ट्रीय महामंत्री, अंजू मित्तल- राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राजकिशोर गुप्ता-उपाध्यक्ष, राजीव गोयल-अध्यक्ष, उद्योग विंग और शरद गर्ग- प्रबंधक, कन्या वैदिक विद्यालय मौजूदे रहे।



# ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज को मिला स्वायत्तशासी संस्थान का दर्जा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए स्वायत्त दर्जा प्राप्त कर लिया है। यह उपलब्धि महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था, नवाचार के प्रति सतत प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड का प्रमाण है।

इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. के महासचिव शाश्वत गोयल ने कहा, यह ए.बी.ई.एस. परिवार के लिए अत्यंत गौरव और आत्मसम्मान का क्षण है। सलाहकार अभय अग्रवाल ने कहा, ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज की यह उपलब्धि संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

प्रबंधन समिति के सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) आलोक चैहान ने कहा, स्वायत्तता से हमें पाठ्यक्रमों को उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप पुनः संरचित करने की स्वतंत्रता प्राप्त होगी। निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) डी. के. शर्मा ने कहा, यह उपलब्धि एबीईएस की टीम भावना, नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण परंपरा का प्रतिफल है। यह उपलब्धि ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सतत प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### ए.बी.ई.एस. परिवार के लिए अत्यंत गौरव और आत्मसम्मान का क्षण है : महासचिव शाश्वत गोयल

